- बिहार-झारखंड संस्करण
- वर्ष: 5
- अंक: 159
- मूल्य ₹ 2.00
- पृष्ठ 06
- Reg: UDYAM-BR-17-0007168

# दैनिक बिहार पत्रिका

सच के साथ

दैनिक बिहार पत्रिका DAINIK BIHAR PATRIKA

पटना। बुधवार,13 नवंबर 2024 | सम्पादक: कृष्णा टेकड़ीवाल | web_dainikbiharpatrika.com | Email_ dainikbiharpatrika@gmail.com


## महाराष्ट्र में एक बार फिर बनेगी एनडीए सरकार: प्रधानमंत्री मोदी

दैनिक बिहार पत्रिका/मुंबई



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पुणे में कहा कि महाराष्ट्र में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनने जा रही है।महाराष्ट्र के लोगों ने यह तय कर लिया है और वे विकास के लिए एनडीए उम्मीदवारों का ही समर्थन करने वाले हैं। नरेन्द्र मोदी मंगलवार पुणे में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। मुझे पुणे आने में देर हो गयी लेकिन सड़क पर मेरे स्वागत के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, जिन्हें मैं सलाम करता रहा हूं। अब यहां बड़ी संख्या में नागरिक भी आए हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि राज्य में एक बार फिर एनडीए सरकार बनने जा रही है। पुणे शहर ने भाजपा के विचार का समर्थन किया है। इसलिए मुझे पुणे के नागरिकों से सहानुभूति है। नरेन्द्र मोदी ने यह भी विश्वास जताया कि आने वाली एनडीए सरकार बहुत तेजी से काम करेगी और पुणे के विकास को नए पंख देगी। पुणे को मजबूत बनाने के लिए तीन चीजों की जरूरत है-निवेश, उद्योग और बुनियादी ढांचा। हमने इस पहलू पर काम शुरू कर दिया है और इससे विदेशी निवेश बढ़ा है। मोदी ने कहा कि भारत में निवेश करने की इच्छुक कंपनियों के लिए महाराष्ट्र पसंदीदा जगहों में से एक है। एनडीए सरकार इंटरसिटी कनेक्टिविटी के लिए प्रयास कर रही है। लोगों की आकांक्षाएं मेरे लिए आपका आदेश हैं। आपकी सपने मुझे दिन-रात काम करने की ऊर्जा देते हैं।

आपकी ज़रूरतें मेरी सरकार की योजनाओं को आकार देती हैं। आपके जीवन को खुशहाल बनाना एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। इसके चलते पुणे में मेट्रो का विस्तार हो रहा है। स्वारगेट-कात्रज सेक्शन में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है।

## यदि हम बंटेंगे, तो आलमगीर आलम ही राजा बनेगा: हिमंता बिस्वा सरमा

दैनिक बिहार पत्रिका/रांची

असम के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के झारखंड सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि यदि हम बंटेंगे तो आलमगीर आलम ही राजा बनेगा। यदि एक समुदाय के लिए स्कूल शुक्रवार को बंद हो सकता है, तो हिंदुओं के लिए मंगलवार को क्यों नहीं हो सकता? इस सरकार के मालिक आलमगीर आलम जैसे लोग हैं, इसलिए शुक्रवार को स्कूलों को बंद किया जाता है। वे मंगलवार को खिजरी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सरमा ने कहा, इस बार झारखंड का चुनाव बहुत अहम है। यह देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है। झारखंड चुनाव की चर्चा पूरे देश में हो रही है। क्योंकि, यहां घुसपैठ का मुद्दा सबसे बड़ा है। आज रांची में ईडी ने कई जगहों पर रेड की। इसमें घुसपैठियों से जुड़े दस्तावेज बरामद किये गये। आज साहिबगंज और पाकुड़ जैसे जिलों में लगातार घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है। साहिबगंज जिले में मुस्लिमों की संख्या 35 प्रतिशत तक पहुंच गयी है। प्रदेश में लगातार घुपैठिए बढ़ रहे हैं, जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है लेकिन झामुमो-कांग्रेस-राजद की गठबंधन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। हेमंत सरकार लगातार घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम कर रही है लेकिन जब 23 तारीख को एनडीए की सरकार बनेगी तो, एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर झारखंड से बाहर निकालने का काम करेंगे। आज झारखंड के कई



जिलों में एक विशेष समुदाय के लिए शुक्रवार को स्कूलों को बंद किया जाता है।

हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, हेमंत सोरेन सरकार ने पहले युवाओं के लिए 5 लाख नौकरी का वादा किया था लेकिन अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। युवाओं के 5 हजार बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया लेकिन पूरा नहीं किया। प्रदेश के लोगों को शादी में सोने का सिक्का और 51 हजार देने का वादा किया था लेकिन वो सोना आलमगीर आलम के घर भेजा गया। इसके बाद ईडी ने जब छापेमारी की तो, करोड़ों के नोटों के पहाड़ बरामद हुए। रोजगार देने के नाम पर पेपर लीक किये गये, उन पेपर को लाखों में बेचा गया और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया गया। उन्होंने कहा कि आज स्कूलों में शिक्षक नहीं है और अस्पताल में डॉक्टर नहीं हैं। भाजपा ने वादा किया है, जो प्रदेश में 2 लाख 87 हजार पद खाली पड़े हैं उनको भरा जायेगा। गरीब के बच्चों को बिना पर्ची-बिना खर्ची नौकरी देने का काम करेंगे। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अपना वोट बंटना नहीं चाहिए।

## मामूली विवाद में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त को मारी गोली

दैनिक बिहार पत्रिका/भागलपुर



फोटो: एक दूसरे से घटना की चर्चा करते हुए स्थानीय ग्रामीण

जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र से है जहां एक दोस्त ने ही अपने दूसरे दोस्त को गोली मार दी, इसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया।घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सुलतानगंज थाना क्षेत्र के बालु घाट चौक के समीप दिन दहाड़े सोनू नामक एक युवक को उसके अपने ही दोस्तों ने मामूली विवाद में गोली मार दी और वहां से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सुल्तानगंज थाना पुलिस पहुंचकर जख्मी युवक को अस्पताल मे भर्ती कराया है, और पूरे मामले की छानबीन कर रही है। वहीं इस घटना को लेकर आसपास के इलाकों में कई तरह की चर्चाएं हो रही है, जबकि पुलिस आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## छपरा: चोरी की तीन बाइक व चार मोबाइल के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

दैनिक बिहार पत्रिका /छपरा



सारण पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अमनौर थाना क्षेत्र से चोरी की तीन बाइक व चार मोबाइल के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। इस बात की जानकारी देते हुए एसपी डॉक्टर कुमार आशीष ने बताया कि गश्ती के दौरान अमनौर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की अमनौर थानान्तर्गत ग्राम मणिसिरिसिया में दो अपराध कर्मियों के द्वारा चोरी की मोबाइल एवं बाइक को बेचा जाना है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम मणिसिरिसिया पहुंचकर छापामारी किया गया तो छापामारी के क्रम में दो अपराधिकर्मियों को चार चोरी की मोबाईल एवं एक चोरी की मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में अमनौर थाना कांड सं0-379/24 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के द्वारा अमनौर थाना कांड सं0-361/24(लूट कांड) में अपनी एवं अपने एक अन्य साथियों की पूर्ण संलिप्तता एवं सहभागीता स्वीकार किया है। गिरफ्तार दोनो अभियुक्तों के निशानदेही पर उक्त लूट कांड कारित करने में इस्तेमाल किये गये स्प्लेंडर प्लस मोटरसाईकिल एवं एक हौंडा साईन मोटरसाईकिल को भी बरामद किया गया है। वहीं इस कांड में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधियों में मढौरा थाना क्षेत्र के मढौरा वैश्य टोला निवासी विकास कुमार उर्फ मिशरी एवं मढौरा थाना क्षेत्र के टेहटी गांव निवासी सिटू कुमार शामिल हैं। छापामारी टीम में अमनौर थाना अध्यक्ष पु०अ०नि० कुंदन कुमार, प्र०पु०अ०नि० जयंत कुमार सिंह, पु०अ०नि० मो० अख्तार खा, प्र०पु०अ०नि० आयुष कुमार,रवि राज रंजन एवं अमनौर थाना के अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## भू अर्जन के लिए खसरा पंजी बनाने के कार्य का लिया गया जायजा

दैनिक बिहार पत्रिका/ कुमार चंदन

**बांका:-** एन एच 133 ई के भू अर्जन के लिए खसरा पंजी बनाने का कार्य किया जा रहा है।इसी क्रम में मंगलवार को जिला पदाधिकारी, बांका अंशुल कुमार द्वारा चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी रैयतों से कार्य में सहयोग करने हेतु अनुरोध किया गया। उनके द्वारा कार्य ससमयपूर्ण करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के क्रम में भूमि सुधार उप समाहर्ता, बांका, अंचल अधिकारी, रजौन सहित अन्य उपस्थित थे।

## विद्यापति राजकीय महोत्सव का शुभारंभ आज, तैयारी अंतिम दौर में

### महोत्सव को लेकर क्षेत्रवासियों में हर्ष, शाम चार बजे होगा उद्घाटन

दैनिक बिहार पत्रिका/ विकास कुमार पाण्डेय







**विद्यापतिनगर/समस्तीपुर।** महाकवि विद्यापति की समाधि स्थल विद्यापतिधाम में तीन दिनों तक चलने वाले 12वें विद्यापति राजकीय महोत्सव का आगाज आज होना है, जिस को लेकर तैयारी अंतिम दौर में है। महोत्सव शुरू होने में अब चंद घंटे ही शेष रह गए हैं, परन्तु कार्यक्रम स्थल पर चल रहा कार्य मुकम्मल नहीं हो सका है। मंगलवार की देर रात तक स्टेज व पंडाल निर्माण का कार्य जारी था। हालांकि तैयारियों को लेकर सुबह से ही प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी एवं अंचल अधिकारिक कुमार हर्ष मुस्तैद दिखे। बीडीओ महताब अंसारी ने बताया कि महोत्सव के मद्देनजर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, बुधवार की दोपहर तक सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सायं चार बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी के द्वारा किया जाएगा। इस समारोह में राज्य और देश स्तर के नामचीन कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। विद्यापति राजकीय महोत्सव के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारी पूरी की जा रही है, इस बाबत कार्यक्रम स्थल पर भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है, वहीं आगंतुक अतिथियों एवं कलाकारों के लिए ठहराव एवं अन्य सुविधाओं का खासा ध्यान रखा जा रहा है।

### महोत्सव को लेकर कराया गया प्रचार-प्रसार

**विद्यापतिनगर।** 12वें विद्यापति राजकीय महोत्सव का आग़ाज़ बुधवार को बिहार सरकार के जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी के द्वारा सायं 4 बजे किया जाएगा। महोत्सव से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कबायद तेज कर दी गई है। सभी गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ आम लोगों को भी आमंत्रण पत्र भेजा गया है इसके अलावा ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार कर जन-जन तक सूचना पहुंचाई जा रही है। बीडीओ महताब अंसारी ने बताया कि इस महोत्सव को यादगार बनाने के लिए आम लोगों से सहयोग की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रहे हैं।

## विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला का शुभारंभ आज , दोनों डिप्टी सीएम करेंगे उद्घाटन

### उद्घाटन कार्यक्रम में बॉलीवुड गायकों की टीम देगी प्रस्तुति

दैनिक बिहार पत्रिका / छपरा

विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला का शुभारंभ आज से होगा। यह मेला 14 दिसबंर तक मेला चलेगा। मेले का उद्घाटन दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा करेंगे। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य के तीन मंत्री,जिले के प्रभारी मंत्री,दो सांसद,सभी विधायक,विधान पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इस बार मेले में कई अहम तैयारियां की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार सोनपुर मेले को भव्य बनाने के लिए पर्यटन विभाग की ओर से कई तैयारियां की गई हैं। इस बार मेले का सबसे अहम बात यह है कि पर्यटन विभाग ने सांस्कृतिक पंडाल और आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज का निर्माण कराया है। पटना से सोनपुर जाने के लिए विशेष टूर पैकेज भी उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक पंडाल बनाया गया है,जहां पूरे मेला अवधि के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह मेले के तैयारियों पर नजर रख रहे हैं। मेले के परिसर में सांस्कृतिक पंडाल में अस्थायी रुप से सूचना केंद्र भी बनाया गया है। मेले में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटक गाइड की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। पर्यटक गाइड पर्यटकों को मेले की सारी जानकारी देंगे। जिससे अगर आप पहली बार भी मेले में आ रहे हैंतो आपको घुमने में आसानी होगी। प्राप्त जानकारी अनुसार मेले के उद्घाटन कार्यक्रम में बॉलीवुड गायकों की टीम प्रस्तुति देगी। मेले में आने वाले देसी-विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए भी कई महत्वपूर्ण इवेंट करवाए जाएंगे। उनके ठहरने के लिए सभी आधुनिकसुविधाओं से लैस भव्य और आकर्षक स्विस कॉटेज का निर्माण करायागया है उद्घाटन के मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप कु. जायसवाल, उद्योग- सह- पर्यटन विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ,विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सह-प्रभारी मंत्री, सारण सुमित कुमार सिंह, सांसद राजीव प्रताप रूडी व सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल होंगे विधायक डॉ॰ रामानुज प्रसाद, श्रीकांत यादव, सत्येन्द्र यादव, जनक सिंह, जितेन्द्र कुमार राय, केदार नाथ सिंह, डॉ॰ सी॰एन॰ गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंटू, छोटेलाल राय, विधान पार्षद डॉ॰ विरेन्द्र नारायण यादव, ई॰ सच्चिदानन्द राय,आफाक अहमद उपस्थित रहेंगे।





बता दे कि सोनपुर मेला एशिया के सबसे बड़े पशु मेले में से एक है, जो बिहार के सारण और वैशाली ज़िले की सीमा पर अवस्थित सोनपुर में दो नदियों, गंगा और गंडक के संगम पर आयोजित किया जाता है। इस मेले को 'हरिहर क्षेत्र मेला'के नाम से भी जाना जाता है जबकि स्थानीय लोग इसे 'छत्तर मेला'कहते हैं। हिंदू भक्त गंगा और गंडक नदी में पवित्र डुबकी लगाने के लिए क्षेत्र में आते हैं और हरिहर नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। इस मेले की खासियत यह है कि यहां सूई से लेकर हाथी तक की खरीदारी की जा सकती है।

## जेपीयू : 16 नवम्बर से होगी स्नातक की परीक्षा, प्रवेश पत्र वितरण शुरू

दैनिक बिहार पत्रिका / छपरा

जयप्रकाश विश्वविद्यालय ने स्नातक सत्र 2020-23 के फाइनल ईयर की परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। सोमवार की शाम तक सभी डिग्री कॉलेजों में एडमिट कार्ड पहुंच गया। मंगलवार से छात्रों को एडमिट कार्ड दिया जा रहा है। कॉलेजों में एडमिट कार्ड के वितरण को लेकर काउंटर बनाया गया। स्नातक के फाइनल ईयर की परीक्षा की 16 नवंबर से शुरुआत होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने इसके लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। साथ ही परीक्षा केंद्र भी निर्धारित कर दिये गए हैं। 16 नवंबर से 26 नवंबर तक दो पालियों में परीक्षा होगी। सुबह 9 से 12 बजे तक पहली पाली में ग्रुप ए के विषयों की परीक्षा ली जायेगी। दोपहर 1:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक दूसरी पाली में ग्रुप बी में शामिल विषयों की परीक्षा होगी। 26 नवंबर को सामान्य पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा ली जायेगी, जिसमें पहली पाली में साइंस व कॉमर्स के छात्र परीक्षा देंगे, तो दूसरी पाली में आर्ट्स के छात्रों की परीक्षा आयोजित होगी। जेपी यूनिवर्सिटी के जनसंपर्क अधिकारी राजेश पांडे ने बताया कि जयप्रकाश यूनिवर्सिटी में विलंब सत्र को नियमित करने को लेकर मिशन मद पर कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग सभी लंबित परीक्षा को नियमित करने को लेकर कवायद तेज कर दी गई है।

## धान अधिप्राप्ति को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

## धान अधिप्राप्ति हेतु किसानों के निबंधन की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराज़गी

दैनिक बिहार पत्रिका / छपरा



खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया एक नवंबर से शुरू हो चुकी है। 15 फरवरी 2025 तक किसानों से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जायेगी। 15 जून 2025 तक सीएमआर जमा करने की अवधि निर्धारित है। सारण जिला में धान अधिप्राप्ति हेतु विगत वर्ष के लक्ष्य के आधार पर 113248 एमटी का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक 17 किसानों से 92.6 एमटी (926 क्विंटल) धान की अधिप्राप्ति की गई है। इस वर्ष सामान्य धान के लिए ₹2300 प्रति क्विंटल तथा ग्रेड 'ए' धान के लिये ₹2320 प्रति क्विंटल का लक्ष्य निर्धारित है। प्रति रैयत किसान से अधिकतम 250 क्विंटल तथा प्रति गैर रैयत किसान से अधिकतम 100 क्विंटल धान क्रय किया जा सकता है। इस वर्ष अभी तक सारण जिला के 247 पैक्स/नगर पैक्स तथा 11 व्यापार मंडल धान अधिप्राप्ति हेतु चयनित किये गए हैं। धान अधिप्राप्ति के तहत सीएमआर के लिये 31 राइस मिलों का निबंधन किया गया है। जिलाधिकारी अमन समीर ने धान अधिप्राप्ति को लेकर समीक्षा बैठक किया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिला में अभी तक धान अधिप्राप्ति हेतु मात्र 1384 किसानों का निबंधन हुआ है जिसमें 1042 रैयत किसान एवं 342 गैर रैयत किसान शामिल हैं। जिलाधिकारी ने किसानों के निबंधन की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। निबंधन की धीमी प्रगति एवं अधिप्राप्ति कार्य मे शिथिलता बरतने को लेकर सभी प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारियों का वेतन अवरुद्ध करने का निदेश दिया। जब तक किसानों के निबंधन एवं अधिप्राप्ति प्रक्रिया में अपेक्षित प्रगति नहीं होगी, तब-तक सभी का वेतन अवरूद्ध रहेगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सम्पूर्ण अधिप्राप्ति प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करें अन्यथा दोषी पाये जाने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों के विरूद्ध कठोर कारवाई की जायेगी। बैठक में अपर समाहर्त्ता, वरीय उपसमाहर्त्ता अधिप्राप्ति, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर गया कौलेज में संगोष्ठी आयोजित किया गया



दैनिक बिहार पत्रिका /गया

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया में आज संगोष्ठी का आयोजन किया गया है ।जिसका विषय था भारतीय शिक्षा प्रणाली में मौलाना अबुल कलाम आजाद का योगदान विषय प्रवेश करते हुए विभाग अध्यक्ष डॉक्टर धनंजय धीरज ने कहा कि मौलाना आजाद देश के पहले शिक्षा मंत्री थे और उनके ही दूरदर्शिता का परिणाम है कि राष्ट्र में यूजीसी एवं विभिन्न आईआईटी जैसे प्रौद्योगिकी के बड़े संस्थान आज खड़े हैं मौलाना आजाद के दूरदर्शिता का परिणाम इस बात से लगाया जा सकता है कि शिक्षा जगत में जिन संभावनाओं की कल्पना है। उन्होंने उसे वक्त की थी उन सपनों को आज साकार होते हुए हम देख रहे हैं | उन्होंने कहा कि मौलाना आजाद एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे और उन्होंने राष्ट्र प्रेम के लिए स्वयं के जीवन को भारत में एक मिसाल के रूप में प्रस्तुत किया युवाओं से मैं आह्वान करता हूं कि वह मौलाना आजाद की जीवनी को पढ़ें और उसे अपने जीवन में सबक ले संगोष्ठी में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में प्रिंसी कुमारी प्रथम स्थान पर रहे वहीं अभय कुमार पांडे को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि रूपा कुमारी एवं जयंती भारद्वाज संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में डॉक्टर अभिषेक कुमार अमरेंद्र कुमार व डॉक्टर रानी नीना प्रदर्शनी रहे कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापिका शिक्षाशास्त्र विभाग निखत परवीन ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर सदरे आलम ने किया है इस अवसर पर शिक्षक के कर्मचारियों में पुस्तकालय अध्यक्ष संगीता राय व मुजाहिद इमाम अहमद समेत भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान 2024 को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

दैनिक बिहार पत्रिका /वैशाली

### पुराना गंडक पुल पर केवल पैदल यात्रियों का रहेगा मूवमेंट,टोटो पर रहेगी रोक



मंगलवार को जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा ने कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान को लेकर जिले के संबंधित विभागों के पदाधिकारी के साथ तैयारी की पुन: समीक्षा बैठक की। इसके पहले चार नवंबर को इससे संबंधित समीक्षा बैठक की गई थी। साथ ही कल मुख्य सचिव द्वारा की गई समीक्षा के बाद भी जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि वे पुराने गंडक पुल पर जगह-जगह सीसीटीवी लगाना सुनिश्चित करें। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि घाटों की साफ सफाई के साथ-साथ खतरनाक घाटों की सूची बनाकर वहां पर साइनेज लगाना भी सुनिश्चित करें। आने जाने वाले रास्तों का समतलीकरण किया जाए। ड्रॉप गेट लगाया जाए। बैरिकेडिंग का कार्य समय पर पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला 2024 में विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के हस्ताक्षर से संयुक्त आदेश जारी कर दिया गया है। सैकड़ो मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति विभिन्न घाटों और प्वाइंट्स पर की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बैठक में बताया गया कि 8 घंटे की शिफ्ट वाइज मेडिकल टीम कौनहारा घाट और रामाशीष चौक पर तैनात रहेगी। ट्रैफिक डीएसपी को ट्रैफिक प्लान बनाकर इसे मीडिया में प्रचारित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि घाटों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम को मजबूत रखें। कहीं भी भीड़ इकट्ठी न हो। यातायात और भीड़ प्रबंधन बेहतर हो। बैठक में एसडीम, हाजीपुर रामबाबू बैठा, जिला जन संपर्क पदाधिकारी नीरज, एसडीपीओ ओमप्रकाश, भूमि सुधार उप समाहर्ता सोनी कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी शशि सक्सेना के साथ स्वास्थ्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, शिक्षा विभाग सहित कर विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## फरार चल रही महिला नक्सली को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक बिहार पत्रिका/ लखीसराय



महिला नक्सली स्विगी कोड़ा को लखीसराय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी अभियान मोतीलाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम को महिला नक्सली को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। इस संबंध में लखीसराय जिले के पुलिस कप्तान अजय कुमार ने बताया कि को गुप्त सूचना मिलने पर एएसपी अभियान मोतीलाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम में एसएसबी नरोत्तमपुर कजरा, चानन व कजरा थाना पुलिस शामिल थे। वही कजरा थाना क्षेत्र के जंगली व पहाड़ी इलाका शीतला कोडासी, राजघाटकोल, घोघरघाटी सतघरवा और कानिमोह समेत अन्य जगहों पर संघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने कानिमोह गांव पास संदेह पर एक महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ के बाद उसने अपना नाम सुगी कोड़ा उर्फ सोनिया कोड़ा पिता बासुदेव कोडा साकिन कानिमोह बताया गया । जो नक्सली अर्जुन कोडा ,बालेश्वर कोड़ा, प्रवेश दा के काफी नजदीकी रहा है। गिरफ्तार महिला नक्सली के खिलाफ बीते वर्ष 2013 में नक्सल संगठन अपने तथा सदस्यों के साथ चानन थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंदर हॉल्ट के समीप धनबाद पटना इन्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का प्रेशर पाइप तोड़कर ट्रेन में गोलीबारी और बमबारी करने एवं गोपालपुर हनुमान घडी के पास पुलिस पार्टी वाहन पर हमला और राइफल छीनने को लेकर सड़क को उड़ाया गया था, साथ ही नक्सलियों का खान-पान और अन्य सामग्री पहुंचाने का काम करती थी जिसको लेकर चानन थाना में गिरफ्तार महिला नक्सली के दो मामला दर्ज था। जो 2013 से ही वह फरार चल रही थी ।

## नगर पंचायत क्षेत्र में कचरा का अंबार, ग्रामीण कचरे से परेशान



दैनिक बिहार पत्रिका/बौंसी/बांका

बौंसी नगर पंचायत क्षेत्र के 18 नंबर वार्ड में संजय शाह के घर के पीछे कूड़े का अंबार 11 दिनों से लगा हैं। इसे नगर पंचायत प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्र में संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। लोग इस बात को लेकर नाराज है कि 12 दिनों से अधिक समय हो जाने के बाद भी गंदगी को क्यों नहीं हटाया जा रहा है। इसे अभिलंब हटाए जाने की मांग की है।

## अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान हेतु शिविर का आयोजन




दैनिक बिहार पत्रिका/ बांका

एन एच 333ए बाई पास निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान हेतु बाराहाट प्रखंड के मौजा लौढियाखुर्द के हितबद्ध रैयतों के बीच काली मंदिर लाखपुरा एवं लौढियाखुर्द मौजा के लौढ़िया बुजुर्ग में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रैयतों से प्राप्त कागजातों की समीक्षा की गई । संबंधित मौजा के रैयतों से अपील की गई कि आप सभी वांछित कागजात उपलब्ध कराएं ताकि भुगतान से संबंधित अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। इस दौरान अपर समाहर्ता, बांका, भू-अर्जन पदाधिकारी, बांका, संबंधित अंचल अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन बांका द्वारा बाल श्रम उन्मूलन हेतु व्यापक जांच अभियान

दैनिक बिहार पत्रिका/ बांका



जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशानुसार बांका जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर सघन जांच अभियान चलाया गया। श्रम अधीक्षक निखिल कुमार के निर्देशन में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में बेलहर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की गई। अभियान के दौरान बेलहर थाना क्षेत्र के बेल्ढीहा मोड़, बंगामा मोड़, रांगा, साहेबगंज आदि क्षेत्रों के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें एक बाल श्रमिक को एक गैरेज में कार्यरत पाया गया। उक्त बाल श्रमिक को अविलंब कार्य से मुक्त कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, ताकि आवश्यक पुनर्वास की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस अभियान के बाद से बाल श्रमिकों का रोजगार देने वाले नियोजकों में अफरातफरी का माहौल बना हुआ है। श्रम अधीक्षक निखिल कुमार ने स्पष्ट किया कि बाल श्रमिकों को काम पर लगाने वाले नियोक्ताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भारी जुर्माने का प्रावधान भी है। इस धावादल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी कटोरिया की रिचा कुमारी, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) के आकाश गंगा और प्रथम संस्था के सुधांशु शेखर सक्रिय रूप से सम्मिलित थे। जिला प्रशासन बांका सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूक हों और इसका विरोध करें। बाल श्रम के किसी भी मामले की जानकारी होने पर तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) पर संपर्क करें और एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं।

## पुलिस ने 8.250 लीटर विदेशी शराब किया जप्त, तस्कर हुआ फरार

दैनिक बिहार पत्रिका/बांका



**चांदन|**जिला प्रशासन बांका के आदेशानुसार शराब कारोबारी के विरुद्ध छापेमारी अभियान के तहत मंगलवार को आनंदपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर 19 बोतल विदेशी शराब जप्त किया। जिसमें ब्लेंडर प्राइड कंपनी के 750 एम एल का 3 बोतल, सिग्नेचर कंपनी के 750 एम एल 8 बोतल, एवं रॉयल स्टैग कंपनी के 750 एम एल 8 बोतल कुल 8.250 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। इस संदर्भ में आनन्दपुर थाना अध्यक्ष विपिन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी एक शराब तस्कर देवघर से मचनवा के बाइक में बैग लटकाए शराब की खेप ले जा रहा है। जिसके निशानदेही पर थाना के पुअनि नंदकिशोर पासवान, पुअनि उमेश कुमार आदि पुलिस बल के संयुक्त में मथुरा मोड़ के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां पुलिस को बाइक में सवार शराब तस्कर शराब से भरा बैग लेकर बगरा की ओर भागने लगा, पुलिस द्वारा काफी पिछा किया गया, लेकिन शराब तस्कर बेग गिरा कर भागने में सफल हो गया। बैग की तलाशी लेने पर बैग से 19 लीटर विदेशी शराब बरामद कि गई, जप्त शराब के खिलाफ विधिवत अग्रिम कार्रवाई कि जा रही है।

## अवैध रूप से बिजली उपभोग कर रहे 07 उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज

दैनिक बिहार पत्रिका/ बांका



मुख्यालय द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदान करने एवं राजस्व क्षति के रोकथाम हेतु दिनांक 11.11.2024 को कनीय विद्युत अभियंता बांका अभय रंजन द्वारा ग्राम मनियारपुर में कुल 38 घरेलू एवं व्यवसायिक परिसरों की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि 07 बकायेदार उपभोक्ताओं द्वारा अवैध रूप से टोका फंसाकर विद्युत चोरी की जा रही थी, जिससे कम्पनी को कुल ₹76147 क्षति होने के कारण भारतीय विद्युत धारा अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत अवैध रूप से बिजली उपभोग कर रहे 07 पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

## चेचक की लक्षण से भयभीत ग्रामीण

दैनिक बिहार पत्रिका/बांका



**चांदन|** आनंदपुर थाना क्षेत्र के कुसुम जोरी पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 9 सोंतारी में एक दो मासूम बच्चे को चेचक का लक्षण दिखाई देने देने से स्वास्थ्य महकमा में एक फिर हड़कंप मच गया है। हालांकि इस बात नई बात पुष्टि नहीं करती है। इस आशय कि जानकारी देते की टीका कर्मी ए एन एम विद्या लक्ष्मी भारती ने बताई कि सोंतारी गांव में आर आई के दौरान एक बच्चे को चेचक कि आकार पुरे शरीर में फुंसी देखा गया। बच्चे कि कुन्दनी देवी ने बताई कि इस तरह के और बच्चे संक्रमण से ग्रसित है। इस संबंध में डब्ल्यू एच ओ रमण कुमार ने बताया कि बच्चे कि जांच सेंम्पल लेने के बाद ही बिमारी का खुलासा किया जाएगा। मौके पर क्षेत्र कि आशा कार्यकर्ता रेखा देवी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## कदाचार मुक्त हुई 10वीं की सेंटप परीक्षा

दैनिक बिहार पत्रिका/समस्तीपुर



**पटोरी।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय संग्रामपुर रूपौली में बुधवार को 10वीं कक्षा की सेंटप परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हुई। जानकारी देते हुए विद्यालय के शिक्षक कुमार शुभम् ने बताया कि आज गणित विषय की परीक्षा ली गई है। यह परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा के पैटर्न पर आधारित है। इस परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले या अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों को बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार गिरि, शिक्षक संतोष कुमार सुमन, सविनय कुमार, कुमार शुभम, प्रियंका कुमारी, शशिकांत गुप्ता आदि मौजूद थे।

# अद्भुत प्रतिभा के धनी थे मैथिल कोकिल विद्यापति

विकास कुमार पाण्डेय/ समस्तीपुर

कवि कोकिल विद्यापत्ति की निर्वाण भूमि विद्यापतिधाम में प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के त्रयोदशी तिथि को उनकी जयंती के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष के द्वारा राजकीय समारोह का आयोजन किया जाता है। विद्यापति की लोकप्रियता एवं उनकी उपयोगिता न सिर्फ मिथिला क्षेत्र तक सीमित है. बल्कि उन्होंने संपूर्ण भारत के साहित्य जगत में अपनी पहचान बनाई। मैथिल कोकिल के रूप में प्रख्यात विद्यापति साहित्य, संगीत एवं संस्कृत के पुरोधा माने जाते हैं। उन्होंने अपनी रचनाओं में शैव एवं वैष्णव परंपराओं के बीच सेतु का काम किया है, साथ ही उन्हें आदिकाल एवं भक्ति काल के बीच की कड़ी के रूप में पहचान मिली है।



विद्यापति का जन्म बिहार के मिथिला क्षेत्र के मधुबनी जिला के विस्फी नामक गाँव में एक शैव ब्राह्मण परिवार में हुआ था। विद्यापत्ति शब्द का अर्थ ज्ञान का स्वामी है। उनके पिता गणपति ठाकुर तिरहुत के शासक राजा गणेश्वर के दरबार में एक पुरोहित थे। उनके परदादा देवादित्य ठाकुर सहित उनके कई निकट पूर्वज अपने आप में उल्लेखनीय थे, जो हरिसिंह देव के दरबार में युद्ध और शान्ति मंत्री थे। विद्यापति ने मिथिला के ओइनवार वंश के विभिन्न राजाओं के दरबार में कवि के रूप में काम किया। विद्यापति ने सर्व प्रथम कीर्ति सिंह के दरबार में काम किया था, जिन्होंने 1370 से 1380 तक मिथिला पर शासन किया था। उसी समय विद्यापति ने कीर्ति लता की रचना की, जो पद्म में उनके संरक्षक के लिए एक लंबी स्तुति-कविता थी। इस कृति में दिल्ली के दरबारियों की प्रशंसा करते हुए एक विस्तारित मार्ग है, जो प्रेम कविता की रचना में उनके बाद के गुण को दर्शाता है। हालांकि कीर्तित सिंह ने कोई और काम नहीं किया, विद्यापति ने कीर्ति सिंह के उत्तराधिकारी देवसिंह के दरबार में अपने स्थाना को सुरक्षित किया। गद्य कहानी संग्रह भूपरिक्रमण देवसिंह के तत्वावधान में लिखा गया था। विद्यापत्ति ने देवसिंह के उत्तराधिकारी शिवसिंह के साथ घनिष्ठ मित्रता की और प्रेम गीतों पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया। उन्होंने मुख्य रूप से 1380 और 1406 के बीच लगभग पाँच सौ प्रेम गीत लिखे। उस अवधि के बाद उन्होंने जिन गीतों की रचना की, वे शिव, विष्णु, दुर्गा और गंगा की भक्तिपूर्ण स्तुति थे। 1402 से 1406 तक मिथिला के राजा शिवसिंह और विद्यापति के बीच घनिष्ठ मित्रता थी। जैसे ही शिवसिंह अपने सिंहासन पर बैठे, उन्होंने विद्यापति को अपना गृह ग्राम बिस्फी प्रदान किया, जो एक ताम्र पत्र पर दर्ज किया गया था। शिवसिंह उन्हें नया जयदेव कहते हैं। 1406 में, एक मुस्लिम सेना के साथ लड़ाई में शिवसिंह लापता हो गए थे। उनकी दो पत्नियों, तीन बेटे और चार बेटियों थीं। विद्यापति के संबंध में ऐसी कथा प्रचलित है कि वे भगवान शिव के अनन्य भक्त थे। भक्ति भाव से खुश होकर भगवान शंकर कवि विद्यापति के दास बनकर उनकी सेवा किया करते थे। विद्यापति ने उन्हें उगना नाम दिया था. विद्यापति यह नहीं जानते थे कि उनके साथ रहने वाला उगना साक्षात भगवान शंकर है, लेकिन एक दिन विद्यापति को जल पीलाते समय उगना की पहचान मगवान शिव के रूप में हो गई, परंतु भगवान शंकर ने विद्यापति से कहा था कि इस बात को यदि आपने कभी प्रकट किया तो मैं अंतर्धयान हो जाऊंगा। ऐसी किंवदंती है कि एक दिन विद्यापति ने अपनी पत्नी के समक्ष ही उगना की पहचान शिव के रूप में करा दी, उसी समय उगना रुपी शिव अंत्तध्यान हो गए। तभी विद्यापति ने उगना की खोज में निकल पड़े और समस्तीपुर जिले के विद्यापतिधाम पहुंचकर गंगा की आराधना की और मां गंगा ने उन्हें अपने गोद में समा ली।

# भागवत कथा ज्ञान से मोक्ष की होगी प्राप्तिः दीपांकर

दैनिक बिहार पत्रिका/बांका



**फुल्लीडुमर/बांका**|प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत केंदुआर गांव स्थित काली मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में बिहार जिला पार्षद संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह फुल्लीडुमर उत्तरी के जिप सदस्य विश्वजीत दीपांकर ने मंगलवार को पहुंचे एवं भागवत कथा का श्रवण किया। उन्होंने सर्वप्रथम श्रीधाम वृंदावन से आयी कथावाचिका किशोरी नेहा तिवारी को सम्मानित किया। वहीं मौके पर उन्होंने कहा कि इस युग में भागवत कथा से ही मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। भागवत कथा से मिलने वाले ज्ञान मानव जीवन के लिए अमृत के समान है। भक्ति जागरण से समाज में एकरुपता का सूत्रपात होता है। शांति व सम्मान की भावना जगती है। हर मानव में ईश्वर दिखता है। इसीलिए सभी श्रद्धालुओं से उनका अनुरोध होगा कि कथा श्रवण से प्राप्त ज्ञान को जीवन में उतारें और समाज में भी जागृति पैदा करें। आपसी सद्भाव से ही जगत कल्यण संभव है। उन्होंने आयोजन समिति को भी इस वृहत धार्मिक आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य भास्कर सिंह,प्रभाष सिंह,बबलू सिंह ,अजय सिंह,पन्ना सिंह आदि के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर श्री दीपांकर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गोरगामा पंचायत के मुखिया और उनके प्रतिनिधि बलबीर सिंह,अमाशी चौधरी, जीवेस सिंह,पवन सिंह,चिंटू सिंह,मनोहर कुमार,चंदन सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित थे।

# वंदना और सस्वर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हुई महाआरती, उमड़ा आस्था का जनसैलाब,आलोकित हुआ मंदार क्षेत्र

दैनिक बिहार पत्रिका/बांका




**बौंसी**|समुद्र मंथन का साक्षी धर्म अध्यात्म और सद्भाव की धुरी मंदार पर्वत के तराई में अवस्थित अष्ट कमल लक्ष्मी नारायण मंदिर का 24 वाँ स्थापना दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। लक्ष्मी नारायण धार्मिक न्यास समिति के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को भव्य और नव्य बनाया गया। लक्ष्मी नारायण का अभिषेक एवं हवन यज्ञ का कार्यक्रम हुआ इसके बाद संध्या में भव्य महा आरती की गई जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए दूर-दूर से लोगों ने इसे धार्मिक समागम का हिस्सा लिया। वार्षिक उत्सव को लेकर मंदिर के विभिन्न क्षेत्र में रंगीन रोशनी इसकी सजावट की गई थी तथा फूल मालाओं से मंदिर को आकर्षक स्वरूप दिया गया था। देवोत्थान एकादशी को लेकर पौराणिक मंदार पर्वत रोशनी से जगमगा उठा। सस्वर वैदिक मंत्रोच्चारण और मंदार पर्वत की वंदना के साथ महाआरती की गई। इस दौरान आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मालूम हो कि देवोत्थान एकादशी के दिन ही 2001 में अष्ट कमल लक्ष्मी नारायण मंदिर की स्थापना की गई थी।

इस उपलक्ष में 19 वां मंदार महाआरती का आयोजन किया गया। भव्य और आकर्षक तरीके से सजाए गए लक्ष्मी नारायण मंदिर पवित्र पापहरणी सरोवर के किनारे वेदज्ञ पंडितों की टोली और आस्थावान लोगों के द्वारा मंदार की महाआरती की गई। इसके पूर्व सुबह में 10 बजे महाभिषेक के बाद दोपहर 3 बजे हवन का कार्यक्रम किया गया। मालूम हो कि, कार्यक्रम का आयोजन धार्मिक न्यास समिति के द्वारा किया गया। मुख्य मंदिर के साथ-साथ सरोवर के चारों ओर रंगीन लाइट लगाई गई थी। जगमग करते हुए लाइट इस कदर दिख रहे थे कि मानो इंद्रधनुषी छटा बिखर रही हो। महाआरती को भव्य बनाने के लिए सुल्तानगंज के आई 5 पंडितों की टीम के द्वारा महाआरती कराई गई। कार्यक्रम से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। पंडित भवेश झा ने बताया कि एकादशी के दिन पर्वत राज मंदार की महाआरती करने से समस्त देवी-देवताओं की पूजा एक साथ होती है। इस अवसर पर जिले भर से आए काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मनरेगा रोजगार दिवस के मौके पर मुखिया की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित

दैनिक बिहार पत्रिका/ बांका

**फुल्लीडुमर/बांका:** प्रखंड क्षेत्र के तेलिया पहाड़ पंचायत के पथांय गांव में मंगलवार को रोजगार दिवस के मौके पर संबंधित पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मनरेगा मजदूरों की एक कार्यशाला आयोजित की गई। महात्मा गांधी



राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना बिहार के बैनर तले आयोजित कार्यशाला में मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं एवं मनरेगा से मजदूरों को मिलने वाले रोजगार संबंधी जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को दी गई। आयोजित कार्यशाला में इच्छुक मजदूरों का जॉब कार्ड निर्गत करना, निजी लाभ की योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त करना, पुराने जॉब कार्ड धारी के सत्यापन के लिए मजदूरों का खाता एवं फोटो प्राप्त करना, मनरेगा में इच्छुक मजदूरों का मांग पत्र प्राप्त करना आदि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए मनरेगा संबंधी जानकारी ग्रामीणों को दी गई। वहीं रोजगार दिवस के मौके पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य रूप से पंचायत के पंचायत रोजगार सेवक भास्कर मंडल, वार्ड सदस्य पुष्पेश कुमार सिंह सहित दर्जनों मनरेगा मजदूर उपस्थित थे।













## मुंबई हवाई अड्डे पर 2.27 करोड़ का 3 किलो सोना जब्त

मुंबई। सोने की तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं और अबतक मुंबई हवाई अड्डे पर करोड़ों रूपये का सोना पकड़ा जा चुका है लेकिन तस्करी का ये गोरखधंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तीन किलो सोना जब्त किया गया है। जब्त किए गए सोने की कीमत 2 करोड़ 27 लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में दुबई के एक यात्री को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 1 किलो वजन की 24 कैरेट की तीन सोने की छड़ें बरामद की गईं। यात्री इन सोने की छड़ों को अपनी ट्राउजर की जेब में लाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन कस्टम विभाग ने इस आरोपी को हिरासत में ले लिया है। आगे की जांच चल रही है कि ये सोना भारत क्यों लाया जा रहा था, क्या इसका कोई राजनीतिक कनेक्शन तो नहीं ?

## उद्धव ठाकरे की 24 घंटे में दूसरी बार तलाशी

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे के हेलिकॉप्टर की 24 घंटे में दूसरी बार चेकिंग हुई। उद्धव मंगलवार को उस्मानाबाद में औसा सीट पर प्रचार करने आए थे। इस दौरान चुनाव आयोग के कर्मचरियों ने उनके हेलिकॉप्टर की चेकिंग की। इससे पहले 11 नवंबर को यवतमाल के वनी एयरपोर्ट पर उनके बैग की जांच की गई थी। चुनाव आयोग की कार्रवाई पर उद्धव ठाकरे नाराज हो गए। उन्होंने मंगलवार को कहा- अमित शाह गृह मंत्री के कुर्सी पर बैठने के लायक नही हैं। मोदी के थापा से महाराष्ट्र परेशान हो चुका है। आपने मेरी बैग जांच की कोई बात नही है, लेकिन मोदी और शाह के बैग की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा- मोदी और शाह के बैग की जांच कीजिए, क्योंकि वो महाराष्ट्र लूटकर जा रहे हैं। आज मुझे सोलापुर जाना था, मुझे उड़ान भरने से रोका गया, क्योंकि मोदी आ रहे थे। मोदी प्रधानमंत्री पद के लायक नहीं हैं। 15 लाख रुपए देने का वादा किया था, लेकिन 1500 रुपए दे रहे हैं। देवा भाउ, दादी भाउ, जैकेट भाउ तीनों मिलकर महाराष्ट्र खाऊं ऐसी इनकी सरकार है।

## अभिनेता शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देने वाला रायपुर से गिरफ्तार

मुंबई। एक ओर जहां अभिनेता सलमान खान को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं, वहीं पिछले हफ्ते शाहरुख खान को भी धमकी भरा फोन आया था। 5 नवंबर को शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली और 50 लाख रुपये की मांग की गई। धमकी भरा फोन पुलिस को आया। इसके बाद पुलिस शाहरुख खान को धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार करने में कामयाब रही। खबर है कि शाहरुख खान को धमकी देने वाले एक शख्स को छत्तीसगढ़ के रायपुर से गिरफ्तार किया गया है। इस शख्स का नाम फैजान खान है। पुलिस ने इस शख्स को रायपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस जाँच में पता चला है कि धमकी भेजने के लिए फैजान के फोन का इस्तेमाल किया गया था। रिपोर्ट में लिखा है कि धमकी देने वाले ने करोड़ों रुपये की फिरौती मांगी है। ये भी साफ है कि ये पैसे न देने पर शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी दी गई है। शाहरुख खान को धमकी मिलने के बाद जब पुलिस ने कॉल को ट्रेस किया तो पता चला कि कॉल रायपुर से आई थी। इसके बाद पुलिस टीम को रायपुर रवाना किया गया और वहां स्थानीय पुलिस की मदद से मुंबई पुलिस ने धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चीनी गैंग के चार सदस्य सूरत में पकड़े गए, 111 करोड रुपए की धोखाधड़ी

सूरत । चीन में बैठी गैंग के एजेंट भारत में कई स्थानों पर फैल गए हैं। डिजिटल अरेस्ट और निवेश के नाम पर चीन में बैठकर धोखाधड़ी की जा रही है। चीन के गिरोह से जुड़े चार आरोपियों को सूरत पुलिस की साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अजय इटालिया, जल्पेश नडियादरा, विशाल दुम्मर तथा हिरेन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 28 मोबाइल फोन, 180 पासबुक, 86 डेबिट कार्ड,258 सिम कार्ड और 30 चेक बुक बरामद हुई है। चीन में बैठे गैंग द्वारा इन आरोपियों के माध्यम से भारत के बैंक अकाउंट मैं लेनदेन किया जाता था। अभी तक 111 करोड रुपए की ठगी के मामले की जानकारी लगी है। कई बैंकों से अभी जानकारी आना बाकी है। सूरत की साइबर सेल पुलिस इस मामले की तह मे जाकर जांच कर रही है। जो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। वह भारत में किसी भी बहाने लोगों के डॉक्यूमेंट लेकर अथवा बैंक खाता किराए पर लेकर ठगी की रकम का रोटेशन करते थे। ठगी की यह रकम कई खातों से होते हुए चीन पहुंच जाती थी।

## भारत की 45 फ़ीसदी महिलाएं बेरोजगार, 8 करोड़ युवतियां रोजगार की तलाश में

नई दिल्ली । सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जो रिपोर्ट जारी की गई है। उसके अनुसार भारत की एक बहुत बड़ी युवा आबादी के पास रोजगार का कोई साधन नहीं है। सांख्यिकी विभाग ने मॉड्यूलर सर्वेक्षण 2022-23 की जो रिपोर्ट प्रकाशित की है। उसके अनुसार 15 से 29 साल की लगभग 44.6 फ़ीसदी महिलाओं के पास कोई काम नहीं है। इसी आयु वर्ग के आठ फ़ीसदी युवाओं के पास भी कोई काम नहीं है। यह सभी बेरोजगार हैं। सर्वेक्षण के अनुसार 8 करोड़ से अधिक युवतियां काम की तलाश में है। देश में इस समय 18 से 29 साल की युवा महिलाओं की आबादी लगभग 18.5 करोड़ है। इनमें से 44.6 फ़ीसदी युवतियों के पास कोई कोशल नही है। जिसके कारण ना तो इन्हें कोई रोजगार मिलता है। नाहि कोई नौकरी मिल पा रही है। सर्वेक्षण में यह बात भी सामने आई है 25.6 फ़ीसदी युवा अपनी पढ़ाई छोड़ चुके हैं। उनके पास कोई रोजगार नहीं है। सर्वेक्षण में सबसे चिंता जनक पहलू यह देखने में आया है। 24.2 फ़ीसदी युवा कर्ज के शिकार हैं। वही 12.2 फ़ीसदी महिलाएं कर्ज के मकडजाल में फंसी हुई हैं। सर्वे में ग्रामीण क्षेत्र में 8.4 फ़ीसदी युवा और 40.6 फ़ीसदी युवतियां किसी भी तरह की गतिविधि में शामिल नहीं हैं। शहरी क्षेत्र में 7.1 फ़ीसदी युवा तथा 39.8 फ़ीसदी महिलाएं अपने घरों में बैठी हुई हैं।

# अपनी रैलियों में मोदी के नारे लगते देख बौखला गए हैं मल्लिकार्जुन खड़गे

### विधायकों को लेकर दिए गए विवादित बयान पर बीजेपी का पलटवार

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** मल्लिकार्जुन खड़गे बौखला चुके हैं क्योंकि जब वह अपनी रैलियों में जाते हैं, तो वहां सोनिया गांधी, प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के पक्ष में कोई नारे नहीं लगाता। सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में नारे लगते हैं, और लोग यह कहते हैं, एक रहोगे तो सुरक्षित रहोगे। यह दुख की बात है कि इतने अनुभवी नेता होते हुए भी खड़गे की भाषा की शैली इतनी निम्न स्तर तक पहुंच चुकी है। यह सब इस बात को साबित करता है कि खड़गे समझ चुके हैं कि महाराष्ट्र और झारखंड में उनकी सरकार बनने की कोई संभावना नहीं है। यह बात मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भारतीय जनता पार्टी विधायकों को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद पलटवार करते हुए बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कही। उन्होंने आगे कहा, जहां तक खड़गे की बातों का सवाल है, उन्होंने खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया है। अगर इस देश के लोकतंत्र में खरीद-फरोख्त का काम किसी ने किया है, तो वह कांग्रेस ने किया है।



अगर किसी ने इस देश की लोकतांत्रिक सरकार को गिराया है, तो वह कांग्रेस ने गिराया है। जवाहरलाल नेहरू ने भी यही किया था। मैं खड़गे से यह कहना चाहता हूं कि यह लोकतांत्रिक देश है, यह आपके परिवार के संविधान के आधार पर नहीं चलता, यह लोकतांत्रिक मूल्यों और सिद्धांतों के आधार पर चलता है।

#### मुस्लिम लीग की तरह भारत को चलाना चाहती है कांग्रेस

उन्होंने कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण पर कहा, कांग्रेस पार्टी की मंशा यह है कि वह भारत को उसी तरह चलाना चाहती है जैसे कि पहले मुस्लिम लीग चलाती थी। कांग्रेस पार्टी की सोच यह है कि वह हिंदू समाज को जातियों में बांटे, सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया और एड्स जैसी बीमारियों के समान बताये और मुसलमानों को संविधान के बजाय विशेष आरक्षण देने की वकालत करे। यही कारण है कि महाराष्ट्र में वह मुस्लिम आरक्षण की बात करती है, कर्नाटक में मुसलमानों को सरकारी ठेकों में लाभ देने का समर्थन करती है और 2009 के अपने घोषणापत्र में वादा करती है कि पूरे देश में मुसलमानों के लिए आरक्षण लागू कर दिया जाएगा। यह देश बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान के तहत चलता है, न कि कांग्रेस पार्टी के अपने नए मुस्लिम लीग के संविधान के तहत। कांग्रेस पार्टी को इस देश के बहुसंख्यक समुदाय का वोट नहीं चाहिए। उन्हें बहुसंख्यक समाज की कोई परवाह नहीं है, वे सिर्फ मुस्लिम वोट बैंक के तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। इसी कारण प्रियंका वाड्रा जैसे नेता वायनाड से चुनाव लड़ती हैं, जहां वह 90 फीसदी मुस्लिम वोट हासिल कर सकती हैं।

## विवादित बयान देकर फंसी कंगना रनौत

### -आगरा की कोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब



आगरा । बॉलीवुड एक्ट्रेस और हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद कंगना रनौत की विवादित बयान के कारण मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पहले तो उन्हें किसान आंदोलन पर दिए बयान के कारण किसानों की नाराजगी झेलनी पड़ी थी, वहीं अब किसान आंदोलन और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर दिए गए बयान को लेकर मंगलवार को आगरा की जिला एवं सत्र न्यायालय ने कंगना रनौत को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने किसानों और राष्ट्रपिता का अपमान की बात करते हुए कंगना रनौत के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। इस मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। बता दें कि राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने 11 सितंबर 2024 को स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए कोर्ट में वाद दायर किया था। बता दें कि कंगना रनौत ने 2021 में किसान आंदोलन और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर बयानबाजी की थी। उन्होंने कहा था कि गाल पर चांटा खाने से भीख मिलती है आजादी नहीं। कंगना ने कहा था कि देश को सही मायने में आजादी 2014 के बाद मिली है। किसान आंदोलन को लेकर ममता ने कहा था कि कृषि कानून के खिलाफ प्रदर्शन में खालिस्तानी आतंकी शामिल हैं। इन बयानों के बाद कंगना का देशभर में विरोध भी हुआ था।

## राम मंदिर को बम से उड़ाने की गुरपतवंत सिंह पन्नू की धमकी के बाद सुरक्षा बढ़ी

**अयोध्या/लखनऊ (एजेंसी )।** अयोध्या में स्थित भगवान श्री राम के भव्य राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद अयोध्या में सुरक्षा को और बढ़ा दिया गया है। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी देते हुए कहा कि 16 और 17 नवंबर को राम मंदिर में हिंसा होगी। इस धमकी के बाद अयोध्या से लेकर लखनऊ तक हड़कंप मच गया है। अब इस मामले पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा है कि अयोध्या में सुरक्षा की पूरी पुख्ता व्यवस्था है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि एक सुरक्षा व्यवस्था के तहत वहां डिप्लॉयमेंट होता है। पूरी अयोध्या सिटी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि जब भी इस तरह की थ्रेट्स आते हैं तो हम उसका स्वतः संज्ञान लेते हैं। खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने अयोध्या राम मंदिर के साथ ही कनाडा में भारतीय मूल के हिंदू सांसद चंद्र आर्य को भी धमकी दी है। जानकारी के मुताबिक, पन्नू ने अपने वीडियो बयान में कहा कि हिंदुत्ववादी विचारधारा की जन्मस्थली की नींव को हम हिला देंगे। इसके बाद से अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता कर दिया गया है। वहीं, राम मंदिर के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि इसके पहले भी बहुत से आतंकी संगठनों ने राम मंदिर को उड़ाने की बात कही, लेकिन कभी उनके इरादे पूरे नहीं हो सके। पाकिस्तानी समर्थक खालिस्तानियों द्वारा इस तरह का वीडियो जारी कर राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दी जा रही है, जो की बहुत ही निंदनीय है।

विदित हो कि खालिस्तानी आतंकी पन्नू को भारत सरकार कई साल पहले आतंकी घोषित कर चुकी है। अब उसकी धमकी मिलने के बाद अयोध्या को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। हालांकि, पहले से ही अयोध्या की सुरक्षा को भेद पाना किसी के लिए आसान नहीं है, लेकिन अब सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया गया है। एसपी सुरक्षा ने राम मंदिर दर्शन मार्ग समेत अन्य प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया है। आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि अयोध्या की सुरक्षा पहले से ही हाई सिक्योरिटी जोन है। यहां तैनात सुरक्षाकर्मी आतंकी हमले से निपटने के लिए ट्रेंड हैं। उन्होंने कहा कि धमकी मिलने के बाद फिर से सुरक्षा की समीक्षा की गई है। आतंकी पन्नू पहले भी कई धमकियां दे चुका है।

## इंडी गठबंधन महाराष्ट्र और झारखड़ में चुनाव जीतने मुस्लिम तुष्टिकरण का एजेंडा चला रहे: बीजेपी सांसद

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** भाजपा मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पर हमलावर है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उनके इंडी गठबंधन के सारे सहयोगी मुस्लिम तुष्टिकरण और उनके वोट लेने के लिए एजेंडा चला रहे हैं। बीजेपी सांसद ने दावा किया कि जमीयत ए उलेमा जिला लोहरदगा, छोटा नागपुर ने फरमान जारी किया है कि मौजूदा मुल्क के हालात को देखकर मरकजी हुकूमत का मुसलमानों के ताल्लुक में जो रवैया है और जिस प्रकार मुसलमानों को एनसीआर, यूसीसी और वक्फ कानून लेकर घुसपैठिए के बहाने डराया धमकाया जा रहा है, उस सिलसिले में जमीयत ए उलेमा, झारखंड से मशवरे के बाद जमीयत ए उलेमा जिला लोहरदगा मुसलमानों से अपील करती है कि



मुसलमान एक होकर इंडी गठबंधन के पक्ष में अपना वोट दें। भाजपा नेता ने कहा कि ये झारखंड और महाराष्ट्र की कहानी है। उन्होंने कहा कि ये सारी जमात वहीं है, जिसने तीन तलाक का भी विरोध किया था। इतने सालों के बाद आज भी कांग्रेस पार्टी न कुछ समझती है और न सुधरती है, बल्कि इसतरह तत्वों के बहाने ही चुनाव जीतने का षड्यंत्र करती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सफाया हो रहा है। लेकिन इसके बाद भी कांग्रेस 1950 के मॉडल पर ही चल रही है। 1986 में शाहबानों प्रकरण में कांग्रेस जहां थी, आज 2024 में भी कांग्रेस वहीं खड़ी है। पार्टी सांसद ने कहा कि बीजेपी बहुत स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी वोटों की खातिर मुस्लिम समुदाय के सभी रूढ़िवादी, विभाजनकारी तत्वों के साथ साजिश रच रही है क्योंकि वे अपनी आसन्न हार से आशंकित हैं।

वहीं बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद ने महाराष्ट्र में वहीं काम किया है जो वे अब झारखंड में करने की कोशिश कर रहे हैं। हिंदू समुदाय के लोग एनआरसी से डरने वाले नहीं हैं। अगर मुसलमान भारत के नागरिक हैं, तब वे एनआरसी से क्यों डरते हैं? इसका मतलब है कि वे या बांग्लादेश, पाकिस्तान या किसी अन्य देश से आए घुसपैठिए हैं।

## बीजेपी नेता का कार्यकर्ता को लात मारने का वीडियो वायरल, जिसे लात मारी उसने दी सफाई

जालना। बीजेपी के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दानवे फोटो फ्रेम में आ रहे एक कार्यकर्ता को लात मारते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि दानवे से मिलने पूर्व मंत्री अर्जुन खोतकर उनके आवास पर पहुंचे थे। इस मेल-मुलाकात के बीच ही दानवे, खोतकर का सम्मान कर रहे थे। लेकिन तभी कार्यकर्ता उनके फोटो फ्रेम में आने लगा। इस दौरान दानवे ने अचानक पास खड़े कार्यकर्ता को लात मार दी। दानवे के कार्यकर्ता को लात मारने की घटना मोबाइल में कैद हो गई। अब वीडियो के वायरल होने के बाद विपक्षी पार्टियां दानवे की आलोचना कर रही हैं शिवसेना (यूबीटी) जिला प्रमुख भास्कर आंबेकर ने कहा, महाराष्ट्र में अगर नेता अपने कार्यकर्ताओं को लात से मार रहे हैं, तब महाराष्ट्र कहां से कहां आ गया है। जनता को यह सोचना चाहिए। बीजेपी नेता दानवे ने जिस कार्यकर्ता को लात मारी उसका नाम शेख अमद है। घटना के बाद अमद ने कहा है कि जो वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, वह सही नहीं है। विरोधी दल दानवे के खिलाफ झूठी बातें फैला रहे हैं। शेख अमद ने कहा, दानवे साहेब और मेरी पिछले 30 साल से दोस्ती है। वह जैसे ही एयरपोर्ट से उतरते हैं मुझे फोन करते हैं कि कहां है, घर आजा साथ खाना खाते हैं। मेरे और उनके संबंध अलग तरह के हैं। लात मारने की घटना पर सफाई देकर अमद ने कहा, वे (रावसाहेब दानवे) घर से कपड़े बदलकर आए थे, उनकी शर्ट पीछे से अटकी हुई थी। मैंने उनके कान में कहा कि दादा आपकी शर्ट अटकी हुई है, लेकिन वह समझ नहीं पाए और उन्होंने शरीर को झटका।

## आज से विधानसभा सत्र, हुड्डा और सैलजा के बीच फंसी कांग्रेस, तय नहीं कर सकी नेता प्रतिपक्ष

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में कांग्रेस की करारी हार के बाद भी गुटबाजी का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार से शुरू होने वाला हरियाणा विधानसभा का आगामी सत्र विपक्ष के नेता के बिना ही शुरू होगा। इसकारण है कि कांग्रेस ने अभी तक अपने विधायक दल के नेता की नियुक्ति नहीं की है। हरियाणा में कांग्रेस की लगातार तीसरी हार के बाद पार्टी की अंदरूनी स्थिति फिलहाल सही नहीं है। सिरसा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बीच गुटबाजी के कारण नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा में विलंब हो रहा है। वहीं पार्टी के कुछ नेताओं का कहना है कि महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव के बाद इसकी घोषणा होगी।

इस मामले पर हुड्डा ने कहा है कि पार्टी हाईकमान फिलहाल चुनाव में व्यस्त है। उन्होंने कहा, हमारे वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र और झारखंड चुनावों में व्यस्त हैं। इसके पहले पार्टी अध्यक्ष उदयभान ने बालमुकुंद शर्मा को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है जिससे सियासी पारा और चढ़ता दिख रहा है। शर्मा ने दावा किया था कि सैलजा गुट के पांच बार के विधायक चंद्र मोहन और हुड्डा गुट से चार बार के विधायक अशोक अरोड़ा इस पद की दावेदारी



पेश कर रहे थे।

हुड्डा और सैलजा के बीच की दरार पार्टी के लिए सिरदर्दी बनी हुई है। पार्टी हाईकमान को इन दोनों गुटों को संतुलित नहीं कर पा रहा है। इस बीच कांग्रेस ने राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन, छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा सहित वरिष्ठ नेताओं की एक टीम बनाई है जो विधायकों से इन पदों पर उनकी पसंद पर विचार विमर्श करेगी। खबरों के मुताबिक चर्चा के दौरान 37 में से 30 से अधिक विधायकों ने हुड्डा के पक्ष में समर्थन दिया था।

हुड्डा गुट के एक कांग्रेस विधायक ने कहा, विधायक दल का नेता और राज्य पार्टी अध्यक्ष को चुनने में जातिगत संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। 2007 से पार्टी अध्यक्ष पद पर दलित नेता (फूल चंद मुलाना, अशोक तंवर, सैलजा और उदय भान) काबिज हैं, जबकि हुड्डा और किरण चौधरी (अब भाजपा में) जैसे जाट नेताओं ने कांग्रेस विधायक दल का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा, हुड्डा 2005 से 2014 तक सीएम रहे और 2014 की हार के बाद किरण विधायक दल की नेता बनीं हालांकि घोषणा में देरी हुई। 2019 के चुनावों से ठीक पहले हुड्डा फिर से विधायक दल के नेता बने और तब से विधायक दल के नेता बने हुए हैं।

## नवंबर का माह आधा गुजरा गया, लेकिन सर्दी नहीं आई...नासा ने बात दी पूरी वजह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिवाली गुजरे दो सप्ताह बीत चुके हैं। इसके बाद भी मौसम में गर्मी बनी हुई है। दिल्ली-एनसीआर, यूपी, हरियाणा, पंजाब, बिहार, राजस्थान सहित समूचे उत्तर भारत में ही तापमान औसत से अधिक है और बिना पंखा चलाए नींद नहीं आ रही है। आखिर इसकी वजह क्या है और कब से सर्दियों का आगमन होगा? इस पर अमेरिकी एजेंसी नासा ने जानकारी दी है कि इस साल का अक्टूबर महीना पूरे विश्व में ही औसतन 1.32 डिग्री अधिक गर्म रहा है। नासा का कहना है कि इस साल का अक्टूबर महीना 2023 के मुकाबले थोड़ा कम गर्म रहा है, लेकिन कुछ इलाकों में इसका उलट भी है।

भारत में अक्टूबर माह में गर्मी होने और अब तक ठंड न आ पाने का कारण पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं है। इसके अलावा पूर्वी हवाओं का असर है, इसकारण बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। वहीं मौसम विभाग का अनुमान है कि नवंबर का महीना हर साल के मुकाबले थोड़ा अधिक गर्म रहेगा, जबकि अल-नीना के सक्रिय होने के बाद



भीषण सर्दी भी हो सकती है। मौसम जानकारों का कहना है कि नॉर्थ इंडिया में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा बना हुआ है। वास्तव में सर्दियों की शुरुआत दिसंबर मध्य से ही होगी।

मौसम की स्थिति यह है कि न्यूनतम तापमान अधिक है ही, अधिकतम टेम्परेचर भी 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा हुआ है। यूपी, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर या पंजाब ही नहीं बल्कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख जैसे पहाड़ी इलाकों में भी तापमान हर साल की तुलना में अधिक है। दिल्ली-एनसीआर में अब भी न्यूनतम तापमान 14 से 19 डिग्री सेल्सियस है, जबकि अधिकतम 30 से 32 डिग्री सेल्सियस है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ला-नीना के सक्रिय होने तक ऐसी ही गर्मी बनी रहेगी। संभावना है कि दिसंबर के दूसरे सप्ताह तक शायद मौसम में गर्मी बनी रहेगी।

## अमेरिकी हथियार आंतकियों के पास... सुरक्षाबल के माथे पर चिंता की लकीर

**जम्मू (एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबल आतंकियों की सफाई में लगे हुए हैं। आए दिन मुठभेड़ में आतंकियों को ढेर कर रहे हैं। हालांकि आतंकियों के पास मिलने वाले हथियार सुरक्षाबलों के लिए चिंता का विषय बन गए हैं। अखनूर में मुठभेड़ के दौरान मारे गए तीन आतंकियों के पास से अमेरिकी एम4 राइफल मिली हैं। अफगानिस्तान छोड़ते वक्त अमेरिकी फौज इस तरह के हथियार वहीं छोड़ गई थी। अब ये हथियार पाकिस्तान के रास्ते जम्मू-कश्मीर में पहुंच रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई इस तरह के हथियार आतंकियों तक पहुंचाती है। इसके बाद आतंकवादी हथियार लेकर भारत में घुसपैठ करते हैं। चिंता की बात ये हैं कि इन राइफल में स्टील बुलेट का इस्तेमाल होता है जो कि ज्यादा नुकसान करती हैं। ये हथियार बख्तरबंद गाड़ियों और इमारतों को भी भेदने में कामयाब होते हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि घुसपैठ करने वाले आतंकियों के पास एके 47 और एम4 कार्बाइन होती हैं। ये सुरक्षाबलों को बड़ा नुकसान पहुंचाती हैं। 2017 में पहली बार जम्मू-कश्मीर में एम4 राइफल मिली थी। सुरक्षाबलों ने जब आतंकी तल्हा राशिद महमूद को मारा था तब उसके पास से राइफल मिली थी। वह जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर का भतीजा था। इसके बाद से कई आतंकी घटनाओं में एम4 गन का इस्तेमाल हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की तरफ सीमा पर बहुत सारे आतंकियों का जमावड़ा है। वे लगातार भारत में घुसपैठ करने की कोशिश में हैं। बर्फबारी का फायदा उठाकर वे जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करना चाहते हैं। रिपोर्ट है कि पीओके में एक बैठक हुई थी जिसमें पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ आतंकी संगठनों के सरगना भी मौजूद थे। इसमें भी आतंकियों को खतरनाक हथियार देने की बात हुई।





# लोकेश कनगराज ने उठाया कुली की रिलीज डेट से पर्दा, फिल्म में आमिर खान के कैमियो पर भी तोड़ी चुप्पी

साउथ फिल्म निर्देशक लोकेश कनगराज इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म कुली पर काम कर रहे हैं। फिल्म में सुपरस्टार रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच अब लोकेश ने अपनी फिल्म की रिलीज की तैयारियों पर बात की। साथ ही कुली को लेकर दिलचस्प अपडेट भी साझा किया है।

## अगले साल रिलीज होगी फिल्म

सुपरस्टार रजनीकांत अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म कुली की शूटिंग इन दिनों चेन्नई में चल रही है। निर्देशक लोकेश कनगराज ने हाल ही में बताया कि फिल्म 2025 की गर्मियों में रिलीज होगी। उन्होंने यह भी बताया कि शूटिंग 2025 की शुरुआत तक पूरी होने की उम्मीद है। निर्देशक ने सेट पर रजनीकांत के समर्पण और पेशेवर रवैये की प्रशंसा की, उनकी समय की पाबंदी और तैयारी को उनकी निरंतर सफलता की कुंजी बताया।

## आमिर खान के कैमियो पर दी जानकारी

कुली को एक आदर्श अखिल भारतीय फिल्म बताते हुए कनगराज ने वादा किया कि यह एक अभूतपूर्व एक्शन ड्रामा होगी, जो दर्शकों को आश्चर्यचकित कर देगी। उन्होंने पुष्टि की कि यह फिल्म किसी भी फ्रेंचाइजी का हिस्सा नहीं है। निर्देशक ने फिल्म में आमिर खान के कैमियो के बारे में अफवाहों पर भी टिप्पणी की और कहा कि आधिकारिक घोषणा प्रोडक्शन हाउस की ओर से की जानी चाहिए। इस बयान से प्रशंसकों में आमिर खान की संभावित संलिप्तता को लेकर शक की स्थिति पैदा हो गई है।

## एलयूसी पर भी दिया अपडेट

कुली के अलावा कनगराज ने लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स के लिए अपनी योजनाएं भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि उनका अगला निर्देशन कैथी 2 होगा, जिसका निर्माण अगस्त 2025 में शुरू होने की संभावना है। निर्देशक ने भविष्य में आमिर खान के साथ संभावित सहयोग का भी उल्लेख किया और कहा कि यदि सब कुछ ठीक रहा तो वह निश्चित रूप से उनके साथ काम करेंगे।



# परिणीति चोपड़ा ने बताया क्यों शुरू किया अपना यूट्यूब चैनल

बायोपिक फिल्म अमर सिंह चमकीला में नजर आने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने अपना यूट्यूब चैनल शुरू कर दिया है। उन्होंने पहले वीडियो को शेयर करते हुए लिखा है कि हालांकि वो एक प्राइवेट पर्सन हैं फिर भी अब अपनी जिंदगी का हर पल शेयर करने को तैयार हैं। करीब 1 मिनट के इस वीडियो को उन्होंने कैप्शन दिया है- मेरा पहला यू ट्यूब वीडियो। जो कुछ उन्होंने कहा है उससे साफ है कि ये उनका डेली व्लॉग होगा। उन्होंने वीडियो में कहा, मैं हमेशा से ही एक बहुत ही प्राइवेट पर्सन रही हूं, भले ही मैं एक पब्लिक पर्सन हूं, मैं हर समय कैमरों के सामने रहती हूं। मैंने हमेशा कहा है कि मैं अपने जीवन का केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही अपने सोशल मीडिया पर शेयर करती हूं।

## और मैं अब इसके लिए तैयार हूं

उन्होंने आगे बताया, अब मैं अपने जीवन में बहुत सारी चीजें करती हूं। मैं कुछ पागलपन भरे साहसिक काम करती हूं, मैं बहुत स्कूबा डाइविंग करती हूं, पढ़ती हूं और मैं हर समय गाती रहती हूं। मैं हर समय स्टूडियो में रहती हूं। आजकल मेरे जीवन में इतना कुछ हो रहा है कि मैंने सोचा कि अब समय आ गया है कि मैं अपने जीवन में जो कुछ भी करती हूं,वह सब अपने फैंस के साथ शेयर करूं, और मैं अब इसके लिए तैयार हूं। एक्ट्रेस ने कहा कि उनका यह फैसला उनके फैन्स को उनके जीवन में होने वाली घटनाएं देखने का मौका देगा।

## इसलिए अपना यूट्यूब चैनल खोलने का फैसला किया

उन्होंने आगे कहा, इसलिए मैंने अपना यूट्यूब चैनल खोलने का फैसला किया है। मैं बहुत उत्साहित हूं क्योंकि मैं पूरे दिन जो करती हूं मुझे फैंस को उनके जवाब नहीं देने होंगे, आप उसे बस देख पाएंगे। मैं अपने चैनल का लिंक अपने बायो में डालूंगी और आइए साथ मिलकर इस नए अध्याय की शुरुआत करें। मैं आपका अपने जीवन में स्वागत करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। जल्द ही मिलते हैं।

## उन्होंने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा

एक्ट्रेस ने यही वीडियो पहले इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें अपना चैनल शुरू करने के लिए किस बात ने प्रेरित किया।



# रोमांटिक फिल्म चांद मेरा दिल में अनन्या पांडे के साथ दिखेंगे लक्ष्य लालवानी

किल से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले लक्ष्य लालवानी बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे के साथ अपकमिंग रोमांटिक फिल्म चांद मेरा दिल में नजर आएंगे। अनन्या और लक्ष्य ने अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आने वाली फिल्म के कई पोस्टर शेयर किए। पोस्टर देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह फिल्म एक लव स्टोरी है। दोनों ने फिल्म के पोस्टर शेयर करते हुए पोस्ट को कैप्शन दिया, प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है. विवेक सोनी द्वारा निर्देशित चांद मेरा दिल 2025 में सिनेमाघरों में आ रहा है। विवेक सोनी ने 2021 में सान्या मल्होत्रा और अभिमन्यु दासानी अभिनीत मीनाक्षी सुंदरेश्वर का भी निर्देशन किया था। इस फिल्म का पोस्टर करण जौहर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। उन्होंने फिल्म को भावुक प्रेम कहानी बताया। उन्होंने लिखा, हमारे पास दो चांद हैं जो एक ऐसी गहरी और ऐसी भावुक प्रेम कहानी लेकर आने के लिए तैयार हैं जो पहले कभी नहीं देखी गई। प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है. चांद मेरा दिल में अनन्या पांडे और लक्ष्य मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का शीर्षक 1977 की फिल्म हम किसी से कम नहीं के गाने चांद मेरा दिल चांदनी हो तुम से प्रेरित लगता है। इस गाने को मोहम्मद रफी ने गाया था। फिल्म में ऋषि कपूर, तारिक, काजल किरण, अमजद खान और जीनत अमान ने विशेष भूमिका निभाई थीं। अनन्या की बात करें तो उन्हें पिछली बार विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित स्क्रीनलाइफ थ्रिलर फिल्म सीटीआरएल में देखा गया था।





# मनीषा कोइराला हीरामंडी-2 को लेकर हैं खुश, कहा-अभिनय में नए आयाम तलाशना चाहती हूं

मनीषा कोइराला ने अपने अभिनय करियर में कई हिट और बेहतरीन फिल्में दीं। अचानक जब उनको कैंसर हुआ, तो मनीषा के करियर में ब्रेक लग गया। कैंसर से ठीक होने के बाद वह फिर से फिल्मों में सक्रिय हो गईं। उन्होंने अपनी जिंदगी के अलावा फिल्मों में भी नई पारी की शुरुआत की। अलग-अलग तरह के किरदार निभाने शुरू किए। इस साल रिलीज हुई संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी में उनकी अदाकारी दर्शकों से लेकर आलोचकों तक को पसंद आई। अब वह हीरामंडी-2 में काम करने को लेकर खुश हैं, इस सीरीज को अपने लिए बहुत ही खास मानती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने हीरामंडी-2 और अपने आगे के करियर को लेकर बात की।

हीरामंडी-2 को मानती हैं बड़ा प्रोजेक्ट


मनीषा हीरामंडी-2 के बारे में कहती हैं, यह मेरे लिए लाइफ टाइम का प्रोजेक्ट है। अभी मुझे नहीं पता है कि इस पर कब काम शुरू होगा। दरअसल, अभी तो संजय लीला भंसाली फिल्म लव एंड वॉर में व्यस्त हैं, इसके बाद ही वह हीरामंडी-2 पर काम करेंगे। मनीषा इस सीरीज के दूसरे पार्ट में काम करने का लेकर काफी उत्साहित हैं।

## चुनौतीपूर्ण किरदार करना चाहती हैं

मनीषा कोइराला आगे कहती हैं, कैंसर से ठीक होने के बाद मैं अपने जीवन का आनंद ले रही हूं। मुझे खुशी है कि मुझे काम करने और बेहतरीन किरदार करने का मौका मिल रहा है। मुझे अच्छे निर्देशकों के साथ भी काम करने का मौका मिला है। अब मैं चाहती हूं कि अभिनय में नए आयाम तलाश करूं। मैं चुनौती स्वीकार करना चाहती हूं। साइड रोल करने के लिए मैं उत्सुक नहीं हूं।

## पुरानी फिल्मों को लेकर बातें

मनीषा ने पिछले दिनों अपनी पुरानी फिल्मों को लेकर भी कई इंटरव्यू में बात की। इसमें दिल से और बॉम्बे जैसी फिल्में शामिल रहीं। दिल से के बारे में तो उन्होंने बताया कि इसमें शाहरुख का किरदार मरने वाला नहीं था, लेकिन बाद में फिल्म का अंत बदल दिया गया। वहीं बॉम्बे में काम करने के लिए भी उन्हें मना किया गया था, लेकिन मनीषा ने अपने मन की सुनी और इस फिल्म में निर्देशक मणिरत्नम के साथ काम किया। आगे चलकर उनका फैसला सही साबित हुआ और बॉम्बे फिल्म हिट साबित हुई।



# हॉरर कॉमेडी फिल्म थामा लेकर रोमांचित हैं आयुष्मान खुराना

**बॉलीवुड के नामी अभिनेता आयुष्मान खुराना जल्द ही फिल्म थामा' में नजर आएंगे। इसे लेकर एक्टर काफी रोमांचित हैं। आयुष्मान ने कहा, मैं उत्साहित हूं कि दिनेश विजान को लगता है कि यह मेरे लिए उनकी ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी दुनिया में और थामा के रूप में प्रवेश करने का सबसे अच्छा समय है।**

आयुष्मान पहली बार किसी हॉरर कॉमेडी फिल्म में नजर आने वाले है। यह फिल्म 2025 में दिवाली पर रिलीज की जाएगी। यह फिल्म हॉरर कॉमेडी में प्रेम कहानी का तड़का लगाकर फिल्मी पर्दे पर एक नई शुरुआत करने जा रही है। इस फिल्म में आयुष्मान के साथ रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी दिखाई देंगे। आदित्य सरपोतदार ने नीरेन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फुलारा की पटकथा से इसका निर्देशन किया है, जबकि दिनेश विजान और अमर कौशिक ने इसका निर्माण किया है। अभिनेता ने हॉरर-कॉमेडी दुनिया में थामा की अनूठी स्थिति के बारे में बताया। उन्होंने कहा, थामा हॉरर कॉमेडी दुनिया की पहली प्रेम कहानी है जो बेहद ही रोमांचक होने वाली है। यह एक 'खूनी' प्रेम कहानी होने का वादा करती है, जो दर्शकों को एक खास तरह का अनुभव देगी।

आयुष्मान ने आगे कहा, थामा एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो पूरी तरह से वाइल्ड कार्ड है, एक ऐसी फिल्म जिसे भारत में किसी ने नहीं देखा है। मैं इस फिल्म के सेट से जुड़ने और दिनेश और उनके दूरदर्शी साथियों की पूरी टीम जैसे अमर कौशिक, मेरे निर्देशक आदित्य सरपोतदार और प्रतिभाशाली लेखन नीरेन भट्ट के साथ काम करने को लेकर बेहद ही उत्साहित हूं। अभिनेता इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बेहद ही खुश है। खुराना ने कहा , दिनेश और मेरे पास एक समान जुनून है। 'थामा' हमारा दूसरा सहयोग है और यह इतना नया है कि मैं अगली दिवाली पर सिनेमाघरों में इसे देखने पर लोगों की प्रतिक्रिया का इंतजार नहीं कर सकता। यह फिल्म मैडॉक की हाल ही में आई स्त्री 2 और मुंज्या की सफलताओं के बाद आई है, जो हॉरर और कॉमेडी तत्वों के मिश्रण के लिए प्रोडक्शन हाउस की प्रतिष्ठा को और मजबूत करती है। अभिनेता ने कहा, थामा' मेरे लिए बेहद ही खास है। मुझे पता है कि मैं लोगों के लिए अपना दिल और आत्मा दे दूंगा, उम्मीद है कि वे इसे सर्वसम्मति से प्यार देंगे।



# धनुष की नई फिल्म डी55 का एलान अमरन के निर्देशक राजकुमार पेरियासामी के साथ मिलाया हाथ

अभिनेता-फिल्म निर्माता धनुष एक के बाद एक कई फिल्में साइन करने में लगे हुए हैं। अभिनेता के प्रशंसकों के लिए आज दोगुनी खुशी का दिन है। दरअसल, आज पहले अभिनेता की अगली निर्देशित फिल्म इडली कढ़ाई की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया गया, जिसके बाद से प्रशंसकों ने उन्हें बधाई दी। वहीं, अब आज ही दोपहर को अभिनेता की नई फिल्म का भी एलान हुआ है, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया है।

8 नवंबर को धनुष की 55वीं फिल्म का एलान हुआ। प्रोडक्शन हाउस गोपुरम फिल्म्स ने धनुष के साथ अपनी अगली फिल्म की घोषणा की। इस पहले खबरें आ रही थीं कि धनुष अमरन के निर्देशक राजकुमार पेरियासामी के साथ एक फिल्म के लिए हाथ मिलाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आखिरकार अब इस खबर पर निर्माताओं ने मुहर लगा दी और धनुष के साथ नई फिल्म का एलान किया। निर्देशक राजकुमार पेरियासामी इन दिनों अमरन की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। अब उन्होंने एक नई तमिल फिल्म के लिए अभिनेता-फिल्म निर्माता धनुष के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। फिल्म को अस्थायी रूप से डी55 कहा जा रहा है और इसे गोपुरम फिल्म्स द्वारा निर्मित किया गया है। आगामी फिल्म में राजकुमार पहली बार धनुष के साथ सहयोग कर रहे हैं। फिल्म का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को निर्माता, अभिनेता और निर्देशक की उपस्थिति में हुआ। फिल्म निर्माता वेत्रिमारन ने भी समारोह में भाग लिया।


फिल्म के कलाकारों और क्रू के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही घोषित होने की उम्मीद है। धनुष-राजकुमार फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा अभी बाकी है। इस बीच, राजकुमार अमरन की सफलता से खुश हैं, जो वर्तमान में सिनेमाघरों में चल रही है। इस फिल्म में शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी मुख्य भूमिकाओं में हैं, और यह दिवंगत मेजर मुकुंद वरदराजन की बायोपिक है। फिल्म को दर्शकों ने खूब सराहा है, आलोचकों ने भी इसकी प्रशंसा की है और व्यावसायिक सफलता भी मिली है।

## धनुष की आने वाली फिल्में

धनुष को आखिरी बार रायन में देखा गया था, एक ऐसी फिल्म जिसमें उन्होंने अभिनय और निर्देशन किया था। यह फिल्म फिलहाल प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। इसके अलावा, अभिनेता के पास अरुण मथेश्वरन द्वारा निर्देशित इलैयाराजा की बायोपिक और उनकी अगली निर्देशित फिल्म इडली कढ़ाई भी है। नित्या मेनन के साथ उनकी यह फिल्म अप्रैल 2025 में रिलीज होने वाली है। साथ ही धनुष फिल्म निर्माता शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित तेलुगु-तमिल फिल्म कुबेर में भी नजर आएंगे। फिल्म में अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी, रश्मिका मंदाना, जोम सर्भ और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# नागा चैतन्य, साई पल्लवी अभिनीत थंडेल 7 फरवरी 2025 को होगी रिलीज

युवा सम्राट नागा चैतन्य अभिनीत और चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म थंडेल अपनी रिलीज के लिए तैयार है। प्रतिष्ठित गीता आर्ट्स बैनर के तहत बनी वास द्वारा निर्मित और अल्लू अरविंद द्वारा प्रस्तुत, फिल्म का निर्माण पूरा होने वाला है, और निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है। थंडेल 7 फरवरी 2025 को स्क्रीन पर आएगी। यह रिलीज वैलेंटाइन डे से ठीक पहले फिल्म को रणनीतिक रूप से स्थान देती है, जिससे इसे सीजन के रोमांटिक मूड का लाभ उठाने का सही मौका मिलता है। रिलीज की तारीख के पोस्टर में मुख्य जोड़ी, नागा चैतन्य और साई पल्लवी के बीच शानदार केमिस्ट्री को दिखाया गया है, जो एक सुरम्य समुद्री पृष्ठभूमि पर सेट है। पोस्टर में युगल को एक स्नेही आलिंगन में दर्शाया गया है, जो उनके पात्रों के बीच प्यार के गहरे सागर का संकेत देता है। फिल्म ने पहले ही काफी चर्चा बटोरी है, टीजर और पोस्टर को असाधारण प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।





# नहीं आया इंटरव्यू के लिए कॉल, आपने की होंगी ये 5 गलतियां

**शायद आप कुछ समय से जॉब तलाश रहे हों और आपने अलग-अलग कंपनियों, अलग-अलग पदों पर आवेदन दिया हो। हर दिन आप यह काम करते हो लेकिन आपके पास अभी तक कोई रिस्पॉन्स नहीं आया हो, ना कोई कॉल, ना ई-मेल। आपके हताश होने से पहले, यहां कुछ जरूरी बातें दी जा रही है जो कि आप आवदेनों को भेजने के पहले एक बार फरि चेक कर लें।**

## हर आवेदन में एक ही सीवी और कवर लेटर तो नहीं यूज किया

हर जॉब अलग है और उस जॉब की जरूरत के हिसाब से सीवी में बदलाव की जरूरत होती है। आपको अपना सीवी कस्टमाइज करने के लिए समय निकालना चाहि और यह सोचना चाहिए कि ऐसा क्या बदलाव किया जाए कि आपको इंटरव्यू के लिए एचआर से कॉल आ जाए। अगर आपका सीवी हर जॉब के हिसाब से पर्सनलाइज्ड नहीं हुआ तो यह इग्नोर हो सकता है। एम्प्लॉयर्स यह बात नोटिस करते है कि आपके सीवी और कवर लेटर में एक ही बातें तो नहीं है। भीड़ से अलग दिखने के लिए आपको यह साबित करना होगा कि आप एक अच्छे एम्प्लॉई बन सकते हैं। ऐसी चीजें शामिल करें जिससे कंपनी ज्यादा आकर्षित हो।

## आवेदन गलत जगह तो भेज नहीं दिया

जिस व्यक्ति को आवदेन भेजना है उसके नाम में कई आवेदक गलती से या मूर्खतावश गलती कर देते हैं। वशिेष रूप से जब आप अलग-अलग जगहों पर अप्लाई कर रहे हैं तो एड्रेसी और कंपनी का नाम अपडेट करना आसानी से भूल सकते हैं। इतना ही नहीं नाम की स्पेलिंग में गलती भी भारी पड़ सकती है।

## आप न्यूनतम योग्यता पर खरे नहीं उतरे हैं

आपको इंटरव्यू कॉल नहीं आएगा अगर आप अंडरक्वॉलिफाइड हैं। अगर आपके पास आवश्यकतानुसार अनुभव, शैक्षणिक योग्यता नहीं है या आपने उसी माहौल या इंडस्ट्री में काम नहीं किया है तो आपका सीवी बाहर कर दिया जाएगा।

याद रखें, आपको यह पता होना चाहिए कि आप योग्य है लेकिन आप रिक्रूटर के लिए केवल एक कागज का टुकड़ा हैं। वे आपके बारे में उतना ही जानते हैं जो आपका पिछला अनुभव कहता है। उन्हें कई सारे सीवी देखने होते हैं और वे कभी भी अपना समय ऐसे में व्यर्थ नहीं करेंगे या आपके बारे में ज्यादा जानने की कोशिश नहीं करेंगे।

## क्या आप न्यूनतम योग्यता को पार कर गए हैं

अगर आप ओवरक्वॉलिफाइड हैं तो भी आपके पास कॉल नहीं आएगा। कोई भी कंपनी ऐसे व्यक्ति को हायर नहीं करेगी। ऐसे में आपका सीवी भी रिजेक्ट हो जाएगा और वे सीवी के ढेर में नए आवेदन पर नजर घुमाएंगे।

## कॉन्टेक्ट डिटेल्स अपडेट किया

भेजने से पहले आपको सीवी आपको बार-बार चेक करना चाहिए। यह सुनिश्चित कर लें कि आपने आपका वर्तमान ई-मेल एड्रेस, मोबाइल नंबर और लैंडलाइन नंबर डॉक्यूमेंट्स में अपडेट कर लिया है। अगर आपने आपका पुराना सोशल मीडिया अकाउंट्स डिलीट कर दिया है तो यह सुनिश्चित कर लें कि आपने उसे सीवी से भी हटा दिया है। अगर आपने सोशल मीडिया अकाउंट्स में प्राइवेसी सेटिंग कर रखी है तो एचआर को इसके जरिए संपर्क करने का मत कहिए।





**भारत में मैनेजमेंट में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के बीच एमबीए इन मार्केटिंग हमेशा से एक लोकप्रिय स्पेशलाइजेशन रहा है। मगर अब डिजिटल युग के आने से मार्केटिंग के क्षेत्र में जबरदस्त बदलाव आया है और अब इसमें डिजिटल मार्केटिंग भी शामिल हो गई है।**

# अब डिजिटल मार्केटिंग में पा सकते हैं एमबीए डिग्री

पढ़ाई के क्षेत्र के रूप में डिजिटल मार्केटिंग का इतना व्यापक प्रभाव पड़ा है कि अब मार्केटिंग और डिजिटल मार्केटिंग को एक ही माना जाने लगा है। यूं तो दोनों ही क्षेत्रों में मूल काम उत्पादों व सेवाओं का प्रमोशन तथा सेल्स है मगर डिजिटल मार्केटिंग में अपनाई जाने वाली रणनीतियां परंपरागत मार्केटिंग से बहुत अलग और कहीं अधिक प्रभावी होती हैं। डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र की बढ़ती लोकप्रियता और इसके लगातार विस्तार को देखते हुए मैनेजमेंट गुरुओं ने एमबीए कोर्स के लिए डिजिटल मार्केटिंग में स्पेशलाइजेशन की अलग ब्रांच की जरूरत महसूस की। आज डिजिटल मार्केटिंग में एमबीए का विकल्प तो उपलब्ध है मगर कई विद्यार्थियों में इस बात को लेकर भ्रम की स्थिति है कि मार्केटिंग और डिजिटल मार्केटिंग में क्या अंतर है और वे इन दोनों में से किस स्पेशलाइजेशन का चयन करें। तो चलिए, डिजिटल मार्केटिंग के बारे में थोड़ा और विस्तार से जानते हैं।

## डिजिटल मार्केटिंग से कैसे अलग

जहां 'मार्केटिंग'' में सभी प्रकार की मार्केटिंग आती है, वहीं 'डिजिटल मार्केटिंग'' में केवल डिजिटल माध्यमों द्वारा की गई मार्केटिंग शामिल है। इनमें वेबसाइट, सोशल नेटवर्क, बैनर ऐड, गूगल ऐड, सर्च रिजल्ट, यूट्यूब वीडियो आदि आते हैं। परंपरागत मार्केटिंग में विज्ञापनदाता से उपभोक्ता की ओर सूचना का एकतरफा प्रवाह होता है। वहीं डिजिटल माकेटिंग में दोतरफा संवाद संभव है। परंपरागत मार्केटिंग में जहां विज्ञापन की लागत बहुत अधक आती है, वहीं डिजिटल मार्केटिंग में यह कम रहती है। परंपरागत मार्केटिंग कैंपेन काफी पहले से प्लान किए जाते हैं मगर डिजिटल कैंपेन तात्कालिक भी हो सकते हैं।

## एमबीए इन डिजिटल मार्केटिंग

कई युवाओं का तर्क होता है कि केवल डिजिटल मार्केटिंग में एमबीए कर अपनी पढ़ाई का स्कोप सीमित करने के बजाय मार्केटिंग में एमबीए करना बेहतर है। यह बात अपनी जगह सही हो सकती है मगर आप जरा डिजिटल मार्केटिंग को भविष्य के नजरिये से भी देखें। पिछले एक दशक में सारे बिजनेस घरानों ने अपना ध्यान मार्केटिंग के परंपरागत माध्यमों से हटाकर डिजिटल माध्यमों पर केंद्रित कर दिया है। डिजिटल मार्केटिंग की लोकप्रियता के कई कारण हैं, जिनमें प्रमुख हैं कम लागत, तत्काल प्रतिसाद, लचीलापन, सुविधा और प्रभावशीलता। कई जानकार तो यह भी कहते हैं कि आज के दौर में अगर आपने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मार्केटिंग नहीं की, तो ग्राहक आपसे दूर ही रहेंगे। इसमें कोई शक नहीं कि आने वाले समय में सारी मार्केटिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर ही जाएगी। इस प्लेटफॉर्म पर खास तरह की मैनेजमेंट स्किल की जरूरत होती है। इसीलिए एमबीए इन डिजिटल मार्केटिंग एक बेहतर तथा आकर्षक करियर ऑप्शन बन गया है।

## क्या है स्कोप

हमारे यहां अब भी यह फील्ड अपने शुरूआती दौर में है और इसके बड़ी तेजी से विस्तार लेने की उम्मीद है। डिजिटल मार्केटिंग में एमबीए के विद्यार्थियों को तकनीकी बुनियाद तथा डिजिटल लैंग्वेज के कॉन्सेप्ट्स से रूबरू कराया जाता है। इसमें ये विषय भी शामिल होते हैं : वेब एनालिटिक्स, एडवर्टाइजिंग कम्युनिकेशन, बायर बिहेवियर, मार्केटिंग मैनेजमेंट, बी2बी ई-मार्केटिंग, इंटरनेट मार्केटिंग स्ट्रैटेजी आदि। भविष्य में इनमें सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, सर्च इंजिन मार्केटिंग आदि के भी शामिल किए जाने की संभावना है।

## पे-पैकेज

काफी नई फील्ड होने के बावजूद डिजिटल मार्केटिंग वेतन के लिहाज से बेहद आकर्षक है। एक नया डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर 4 से 5 लाख रुपए का वार्षिक पैकेज पा सकता है। अनुभव के साथ इसमें तीव्रता से वृद्धि होती है। 5 से 7 साल का अनुभवी डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर 10-12 लाख का वार्षिक पैकेज पा सकता है।

## करियर ऑप्शन

**डिजिटल मार्केटिंग में डिग्री लेने के बाद करियर के कई ऑप्शन खुले होते हैं। फिलहाल हम इनमें से 3 सबसे बेहतर ऑप्शंस की चर्चा करेंगे।**

### डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर

इन्हें मार्केटिंग की भाषा में 'बज क्रिएटर'' भी कहा जाता है। ये कस्टमर बिहेवियर डेटा पर काम करते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मार्केटिंग की ऐसी रणनीति तैयार करते हैं, जिससे उस उत्पाद या सेवा के प्रति उपभोक्ता की जिज्ञासा जागे। ईमेल मार्केटिंग, ईकॉमर्स, सोशल मीडिया कैंपेन आदि इनके काम का हिस्सा हैं। डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर के रूप में जॉब के अवसर अकेले इस साल ही 12 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। अगर आप डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर के रूप में करियर बनाना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि आप कोडिंग, वेब डिजाइन, एप्लिकेशन डेवलपमेंट, मार्केटिंग इकोनॉमिक्स तथा जनरल मैनेजेरियल एप्टिट्यूड में पारंगत हो जाएं।


### इंटरनेट मार्केटिंग मैनेजर

अगर आपमें डेटा कलेक्शन और प्रोसेसिंग का हुनर है, तो आप इस फील्ड में करियर बना सकते हैं। इंटरनेट मार्केटिंग मैनेजर को मुख्य रूप से मार्केट रिसर्च एनालिस्ट के रूप में काम करना होता है। वे कस्टमर बिहेवियर डेटा का अध्ययन कर यह तय करते हैं कि उत्पाद या सेवा की बिक्री की कितना संभावना है। इसमें एमबीए की डिग्री के अलावा मार्केट रिसर्च एंड एनालिसिस में सर्टिफिकेशन आपके काम आएगा।

### डिजिटल सेल्स मैनेजर

मार्केटिंग व सेल्स एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। सो कई कंपनियां डिजिटल सेल्स की जिम्मेदारी डिजिटल मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोफेशनल को सौंपती हैं। यदि आपको डिजिटल मीडिया व निजता कानूनों, ब्राण्ड मैनेजमेंट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स आदि का ज्ञान है, तो डिजिटल सेल्स मैनेजर के रूप में यह आपको बहुत काम आएगा।





# साइंस स्टूडेंट्स के लिए इस क्षेत्र में ढेरों हैं संभावनाएं

विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आए दिन नई-नई शाखाएं जुड़ रही हैं। नैनो टेक्नोलॉजी भी तुलनात्मक रूप से एक नया क्षेत्र है। नैनो टेक्नोलॉजी के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर देश-विदेश में छलांगें लगाकर बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। नैनो टेक्नोलॉजी को 'साइंस ऑफ मिनिएचर' अर्थात लघुतर का विज्ञान भी कहा जाता है। जब कोई वस्तु या सामग्री नैनो डाइमेंशन (10-9 मीटर = 1 नैनोमीटर) में बदल जाती है, तो उसके भौतिक, रासायनिक, चुंबकीय, प्रकाशीय, यांत्रिक और इलेक्ट्रिक गुणों में बड़ा भारी परिवर्तन आ जाता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो नैनो टेक्नोलॉजी एक ऐसा विषय क्षेत्र है, जिसमें नए अवसरों की भरमार है। नैनो टेक्नोलॉजी वैज्ञानिकों को व्यावहारिक सीमाओं से परे जाकर आणविक स्तर पर प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करती है।

## हर क्षेत्र में पैठ

नैनो टेक्नोलॉजी वर्तमान में मानवीय जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में प्रवेश कर चुकी है। यह तकनीक बायोसाइंस, मेडिकल साइंस, पर्यावरण विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स, कॉस्मेटिक्स, सिक्योरिटी, फैब्रिक्स और विविध क्षेत्रों में चमत्कार कर रही है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि नैनो टेक्नोलॉजी प्रत्येक क्षेत्र जैसे मेडिसिन, एयरोस्पेस, इंजीनियरिंग, विभिन्न उद्योगों और तकनीकी क्षेत्रों, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगी। कुल मिलाकर ऐसा कोई क्षेत्र नहीं होगा, जो नैनो टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल नहीं करेगा।

## आर एंड डी पर आधारित

आने वाले समय में नैनो टेक्नोलॉजी के फायदों को देखते हुए पूरे विश्व में अकादमिक स्तर पर इसे एक विषय के रूप में अपनाया जा रहा है। नैनो टेक्नोलॉजी के पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स हमारे देश में उपलब्ध हैं। एमटेक और एमएससी कोर्स में प्रवेश के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, बायोइंफॉर्मेटिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन आदि विषयों से ग्रेजुएशन कर चुके विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। एडमिशन प्रवेश परीक्षा के आधार पर दिया जाता है।

नैनो टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम का स्वरूप मूलत: रिसर्च एवं डेवलपमेंट (आर एंड डी) पर आधारित होता है। इसके पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को पहले संबंधति विषय के आधारभूत सिद्धांतों से परिचित कराया जाता है। इसके बाद इस तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग के अनुरूप अप्लाइड रूप देकर अन्य विषयों की जानकारी दी जाती है, ताकि पाठ्यक्रम रोचक, वस्तुनिष्ठ व ज्ञान पर आधारित बन सके। इसमें पदार्थ के भौतिक, रासायनिक तथा जैविक गुणों का सूक्ष्मतम अध्ययन कराया जाता है। पाठ्यक्रम की विषयवस्तु में क्वांटम थ्योरी, लिथोग्राफी, कार्बनिक और अकार्बनिक नैनो मटेरियल, स्पेक्ट्रोग्राफी, ऑप्टिकल माइक्रोस्कोपी, एक्स-रे डिफ्रैक्शन, रमन प्रभाव, नैनो बायोसाइंस, जीन स्ट्रक्चर आदि शामिल हैं।

## करियर के कई विकल्प

नैनो टेक्नोलॉजी का अध्ययन करने वालों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में करियर के अच्छे विकल्प उपलब्ध हैं। यह तकनीक रक्षा, सैन्य सामग्री निर्माण, फॉरेंसिक साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में रोजगार के अच्छे अवसर प्रदान करती है। नैनो टेक्नोलॉजी पर्यावरण, कृषि, टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार प्रदान करती है। इस तकनीक का प्रयोग कैंसर के इलाज में भी किया जा रहा है। इसलिए स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में यह तकनीक अच्छी करियर की संभावनाएं रखती है। नैनो टेक्नोलॉजी के अध्यापन के क्षेत्र में भी करियर बनाया जा सकता है।

## खुल रहे हैं नए द्वार

नैनो टेक्नोलॉजी के द्वारा विभिन्न तत्वों की बॉण्ड संरचना में परिवर्तन करने पर या उनका आपस में संयोग करने पर एकदम नए तत्व का निर्माण भी किया जा सकता है। इस विषय में अभी बहुत-से नए आयाम खोजे जाने बाकी हैं तथा इसके प्रयोग से भौतिकी के लगभग सभी सिद्धांतों को यथार्थ रूप दे पाना संभव हो सकता है। इसलिए यह विषय शोधर्थियों के लिए कार्यक्षेत्रों के नए द्वार खोलता है। इस टेक्नोलॉजी को और भी उन्नात बनाने तथा भविष्य में इस क्षेत्र में नई संभावनाओं की तलाश करने के लिए भारत सरकार भी पहल कर रही है। अमेरिका का नेशनल साइंस फाउंडेशन 'नेशनल नैनो टेक्नोलॉजी इनिशिएटिव' नामक योजना चला रहा है। इसके साथ ही विश्व के तमाम उन्नत देश भी इस पर अलग-अलग नामों से योजनाएं चला रहे हैं। अनेक देश इस विषय में शोध के लिए प्रतिवर्ष अरबों रुपए खर्च कर रहे हैं। स्पष्ट है कि इसके चलते इस क्षेत्र में जॉब्स के भरपूर अवसर निर्मित होने जा रहे हैं। नैनो टेक्नोलॉजी को आज जिन प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वे हैं शिक्षित, प्रशिक्षित तथा कुशल कर्मचारियों की कमी। नैनो टेक्नोलॉजी विभिन्न प्रमुख नवाचारों के विकास में संलग्न है और इस क्षेत्र में नित नए प्रयोग हो रहे हैं, जिससे कुशल मानवशक्ति को रोजगार के उजले अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

## प्रमुख संस्थान

- आईआईटी, दिल्ली
- आईआईटी, गुवाहाटी
- आईआईटी, कानपुर
- जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस साइंटिफिक रिसर्च, बेंगलुरू
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू
- नेशनल केमिकल लैबोरेट्री, पुणे
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी

स्वामी मुद्रक, प्रकाशक सम्पादक कृष्णा टेकड़ीवाल द्वारा डिजिटल अखबार कंकड़बाग पटना से प्रकाशित। समाचार पत्र में किसी भी समाचार व लेख-आलेख पर सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पटना ही रहेगा। मोबाइल- 9801716267